दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 190
कोटद्वार गुरूवार
10 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पीएम मोदी ने काफिला रुकवाकर मरीज को लेकर जा रही एंबुलेस को दिया रास्ता

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के चंबी में चुनावी जनसभा के लिए जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काफिला रुकवाकर मरीज को लेकर जा रही एंबुलेस को रास्ता दिया। मरीज की जिंद्गी जोखिम में न पड़े, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवेदनशीलता दिखाई। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद इस बात का ख्याल रखा कि मरीज का अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी है।

इसलिए उन्होंने काफिले को रुकने के आदेश दिए और एंबुलेंस को रास्ता दिया। पीएम मोदी की रैली के चलते तमाम सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। पीएम मोदी का काफिला जिस सड़क मार्ग से गुजरा वहां पर ट्रैफिक को डायवर्ट कर पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।

## नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ, ब्रिटेन की कोर्ट ने खारिज की भगोड़े की याचिका

**लंदन , एजेंसी।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को भारत लाने के रास्ता साफ हो गया है। ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। गौरतलब है कि विशेष पीएमएलए कोर्ट द्वारा दिसंबर 2019 में भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 के अनुसार नीरव मोदी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया था।

बता दें कि नीरव मोदी ने पीएनबी से करीब 7000 करोड़ रुपये का घोटाला किया था। जिसके बाद वह विदेश भाग गया था। फिलहाल वह लंदन की एक जेल में है। भारत सरकार उसे वापस लाने की हर संभव कोशिश कर रही है। नीरव मोदी ने 2017 में अपनी कंपनी फायरस्टार डायमंड के जरिए प्रतिष्ठित रिदम हाउस बिल्डिंग खरीदी थी। उसका प्लान इसे हेरिटेज प्रपर्टी में बदलने का था। माना जाता है कि उसने ज्यादातर संपत्तियां पीएनबी घोटाले से हासिल रकम से खरीदी थी।

## सेना कमांडरों के सम्मेलन में पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना के कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया हैं। सम्मेलन के तीसरे दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे और भारतीय सेना के वरिष्ठ अफसरों के साथ बातचीत की। भारतीय सेना के अधिकारी के मुताबिक, सम्मेलन में सेना के शीर्ष अधिकारियों ने वर्तमान और उभरते सुरक्षा खतरों, परिवर्तन और लागू हथियार प्रणालियों में वृद्धि पर चर्चा की।

7 से 11 नवंबर तक होने वाले इस सम्मेलन में पाकिस्तान-चीन से लगी सीमा समेत राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर भी चर्चा किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 10 नवंबर को सेना के कमांडरों को संबोधित कर उनसे बातचीत करेंगे। इस दौरान भारतीय सेना के क्षमता विकास और सेना की तैयारियों की एक व्यापक समीक्षा की जाएगी। एएनआइ के मुताबिक, सम्मेलन में समकालीन भारत-चीन संबंध के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तकनीकी चुनौतियां विषय पर भी बातचीत की जाएगी। बता दें कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में सम्मेलन को चीफ अफ डिदें स स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख विवेक राम चौधरी और रक्षा मंत्रालय के अन्य शीर्ष अधिकारी द्वारा संबोधित किया जाएगा।जानकारी के लिए बता दें कि सैन्य कमांडर सम्मेलन साल में दो बार होता है।

# हमें दो संकल्प लेने व तीन लक्ष्य निर्धारित करने की जरूरत : राज्यपाल

### नरेन्द्र सिंह नेगी, प्रसून जोशी सहित नौ लोग उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित, नैनीताल जनपद की चोरगलिया थाने को मिला सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने का पुरस्कार, सीएम धामी ने की राज्य स्थापना दिवस पर 12 घोषणाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को रेसकोर्स स्थित पुलिस लाईन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने रैतिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। राज्यपाल ने विशिष्ट सेवाओं के लिए 'राष्ट्रपति पुलिस पदक' प्राप्त पुलिस अधिकारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस पत्रिका 2022 का विमोचन किया गया। नैनीताल जनपद की चोरगलिया थाने को सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाने के रूप में सम्मानित किया गया।

राज्य स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार-2022 एवं उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार-2021 के महानुभावों को सम्मानित भी किया। उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित महानुभावों को सम्मान पत्र, ट्रॉफी एवं एक लाख रुपये की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। उत्तराखण्ड गौरव सम्मान 2022 से भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, कवि लेखक, गीतकार एवं सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, भूतपूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ स्व. जनरल बिपिन रावत, कवि लेखक एवं गीतकार स्वं गिरीश चन्द्र तिवारी 'गिर्दा', साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. वीरेन डंगवाल को सम्मानित किया गया। जबकि 2021 के उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी, पर्यावरणविद् डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, साहित्यकार रस्किन बॉण्ड, साहसिक खेल के क्षेत्र में श्रीमती बछेन्द्री पाल, संस्कृति एवं लोक कला के क्षेत्र में नरेन्द्र सिंह नेगी को सम्मानित किया गया। प्रसून जोशी एवं नरेन्द्र सिंह नेगी कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किये गये। उत्तराखण्ड गौरव सम्मान के अन्य महानुभावों के परिवारजनों द्वारा सम्मान लिया गया।



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि) प्रसून जोशी को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने कहा कि आज के अवसर पर हमें दो संकल्प लेने की जरूरत है। पहला ट्रैफिक नियमों का पालन करना और दूसरा उत्तराखण्ड के प्रत्येक हिस्से को स्वच्छता अभियान का रोल मॉडल बनाना। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी ला सकते हैं। वाहनों की फिटनेस समय पर कराकर वाहनों में ओवरलोडिंग का त्याग कर सड़क पर गाड़ी चलाते हुए सभी नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं हमारी सड़कें पर्यटक स्थल नदी-घाट ट्रेक साफ–सुथरे रहने चाहिए तभी हम स्वच्छता अभियान का रोल मॉडल बन सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हमें अपने लिये तीन लक्ष्य निर्धारित करने हैं– इमीडियेट गोल, इण्टरमीडियेट गोल और सेन्चुरी गोल। इमीडियेट गोल, यानी तत्काल हासिल किया जाने वाला लक्ष्य जो कि 2025 तक का उत्तराखण्ड कैसा होगा जब हम अपनी स्थापना के 25 वर्ष मना रहे होंगे यह तय करना है। इंटरमीडिएट गोल, 2030 तक यानी तीसरे दशक की समाप्ति पर उत्तराखण्ड कैसा होगा। यह वहीं दशक है जिसे हमें अपना बनाना है। तीसरा, सेंचुरी गोल, यानी 2047 तक जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मना रहा होगा। आजादी के अमृत काल का अंतिम सोपान। तब उत्तराखण्ड किस स्वरूप में होगा यह लक्ष्य हमें इस अवसर पर तय करना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन देहरादून में 12 घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने तय किया है कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को वर्ष 2027 तक दोगुना किया जाएगा। राज्य के संशाधनों के समुचित उपयोग और आय के स्त्रोतों का चिन्हीकरण करते हुए सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने के लिए सुझाव देने हेतु शीघ्र ही एक सलाहकार फर्म का भी चयन किया जाएगा। प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने हेतु और निवेशकों को आकर्षित करने हेतु तीन माह के भीतर सरलीकृत लघु जल विद्युत नीति और सौर ऊर्जा नीति बनायी जाएगी। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यालयों की अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु रूपांतरण कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष दो सौ विद्यालयों को रूपांतरित किया जाएगा तथा अगले पांच वर्षों में एक हजार विद्यालयों को सुदृढ़ किया जाएगा। यह कार्य अन्य विद्यालयों में चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रम से अतिरिक्त रूप में किया जाएगा। जम्मू–कश्मीर एवं हिमांचल प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड में भी कम मूल्य वाली फसलों के स्थान पर उच्च मूल्य वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि फसल उत्पादकों की आय को बढ़ाया जा सके। पर्यटन के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए नई पर्यटन नीति तीन माह के भीतर बनायी जाएगी। राज्य में पशु पालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य पशु धन मिशन की शुरुआत की जाएगी। प्रदेश में आगामी पांच वर्षों में दस हज़ार महिला तथा महिला समूहों को उद्यमी बनाने का लक्ष्य हमने तय किया है। इसके तहत कोई भी महिला तथा महिला समूह ग्रामीण क्षेत्र में उद्योग लगा सकेगा। प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए 'गौरा शक्ति' एप शीघ्र लांच किया जायेगा। इसके माध्यम से हमारी बहन–बेटियां अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगी और पुलिस सुरक्षा के घेरे में आ जाएँगी। राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बेहतर विपणन व्यवस्था और सुविधा के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के ब्रैंड्स जैसे हिमाद्रि, हिलांश इत्यादि को बिक्री हेतु एक मंच मिल सकेगा। प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुस्त करने के लिए इनामी बदमाशों को पकड़वाने वाले लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस हेतु पुलिस विभाग के अंतर्गत एक करोड़ रूपए का कोष गठित किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक विनोद चमोली, श्रीमती सविता कपूर, मेयर सुनील उनियाल गामा, मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु, डीजीपी अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

## शहीदों के सपनों के अनुरूप राज्य के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सीएम



शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धाजंलि देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शहीद स्थल कचहरी में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही हमें नया राज्य मिला।

शहीद राज्य आन्दोलनकारियों के सपने के अनुरूप राज्य के विकास के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। 2025 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, जिससे कि राज्य आन्दोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश का समग्र विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों के सपने के अनुरूप राज्य के विकास के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

## सीएम ने किया 28 योजनाओं का लोकार्पण व 22 विकास कार्यो का शिलान्यास



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए।

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में विधानसभा परिसर में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 11736 लाख रूपये की 28 योजनाओं का लोकार्पण एवं लगभग 4948 लाख की 22 योजनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने टैक्सी स्टैंड गैरसैंण से स्टेडियम होते हुए गढ़वाल मंडल विकास निगम तक इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा मोटर मार्ग के निर्माण, पर्यटन विकास मेला मेहलचौरी के लिए दो लाख की धनराशि, कृषि उद्यान एवं पर्यटन विकास मेला गैरसैंण के लिए भी 2 लाख की धनराशि देने की घोषणा की। इस दौरान जिला सूचना कार्यालय चमोली द्वारा प्रकाशित जनपद की ''विकास पुस्तिका'' का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। आज हमारा प्रदेश उनके मार्गदर्शन में विकास के विभिन्न आयामों को छू रहा है। आज उत्तराखंड में हर जगह विकास कार्य देखने को मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तराखंड के सुदूर क्षेत्रों को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि वर्तमान में जारी भर्ती कैलेण्डर के अनुसार 7 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। जल्द ही 19 हजार पदों पर भी भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कहा कि 22 साल के सफर में उत्तराखंड ने सफलता के कई मुकाम हासिल किए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण से लेकर उत्तराखण्ड दृढ़ता पूर्वक विकास के रास्ते पर कदम आगे बढ़ा रहा है। यह उत्तराखण्ड वासियों के दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है जल्दी ही हमारा प्रदेश विकास के नए-नए सोपान तय करेगा। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश के लिए जीना है, काम करना है, इस भावना के साथ किये गये छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े नतीजे ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि निष्ठा और ईमानदारी के साथ रोज के कामकाज करते हुए भी प्रत्येक व्यक्ति राज्य की उन्नति में योगदान दे सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित रही सभी महिला समूहों को अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से प्रोत्साहन राशि के रूप में 5-5 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य में पलायन को रोकने के लिए प्रभावी योजनाओं का क्रियान्वयन होने से रोजगार के नए अवसर युवाओं को पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन एवं उद्योगों की अपार क्षमताएं हैं जो कि प्रदेश के विकास में मील के पत्थर साबित हो रही हैं। इस अवसर पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, रूद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, सीडीओ डा. ललित नारायण मिश्र, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी सहित स्थानीय जनता, स्कूली बच्चे आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली-यूपी समेत भारत के 7 राज्यों में भूकंप के झटके, नेपाल में 6 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी** । भारत, चीन और नेपाल में मंगलवार देर रात 157 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 63 तक मापी गई। भारत में दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल था। ऐसे में सबसे ज्यादा तबाही की खबरें नेपाल से ही सामने आ रही हैं। यहां के दोती में एक घर गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई।

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप आने के बाद लोग घरों से बाहर निकल आए। जो काफी देर तक वापस नहीं गए। जब भूकंप आया तब लोग गहरी नींद में थे, लेकिन झटकों के लगने से उनकी नींद खुल गई। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी शेयर किए हैं।

नेपाल में डेढ़ घंटे में दो झटके महसूस किए गए। देर रात एक बजकर 57 मिनट के बाद 3 बजकर 15 मिनट पर भूकंप रिकर्ड किया गया। इसकी तीव्रता 36 रही। नेशनल सेंटर फर सीस्मोलजी के अनुसार, 8 नवंबर की रात 9 बजे भी नेपाल में भूकंप आया था। तीव्रता 49 रही। 8 नवंबर को ही दिन में करीब 12 बजे मिजोरम में भी भूकंप आया था। यहां तीव्रता 44 थी।

नेपाल में भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान की खबर है। यहां के दोती में भूकंप के झटकों से एक मकान गिर गया। नेपाल पुलिस के मुताबिक, रात 2 बजे आए भूकंप से दोती जिले में एक घर गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। 5 घायल हो गए। नेपाल सेना को भूकंप प्रभावित इलाकों में तलाशी और बचाव अभियान के लिए भेजा गया है। डोटी में 66 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। मरने वालों में एक ही परिवार के 3 लोग शामिल हैं। भूकंप में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपाल में सेना राहत और बचाव कार्य में जुट गई है।

भूगर्भ वैज्ञानिकों के मुताबिक, भूकंप की असली वजह टेक्टोनिकल प्लेटों में तेज हलचल होती है। इसके अलावा उल्का प्रभाव और ज्वालामुखी विस्फोट, माइन टेस्टिंग और न्यूक्लियर टेस्टिंग की वजह से भी भूकंप आते हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता मापी जाती है।

इस स्केल पर 20 या 30 की तीव्रता का भूकंप हल्का होता है, जबकि 6 की तीव्रता का मतलब शक्तिशाली भूकंप होता है।

भूकंप की तीव्रता का अंदाजा उसके केंद्र (एपिसेंटर) से निकलने वाली ऊर्जा की तरंगों से लगाया जाता है। सैकड़ों किलोमीटर तक फैली इस लहर से कंपन होता है। धरती में दरारें तक पड़ जाती हैं। भूकंप का केंद्र कम गहराई पर हो तो इससे बाहर निकलने वाली ऊर्जा सतह के काफी करीब होती है, जिससे बड़ी तबाही होती है।

## रुद्रपुर में भूकंप के झटके लगते ही अपनी जान बचाने के लिए दौड़ी युवती, दो मंजिला छत से नीचे गिरी


**रुद्रपुर**। उत्तराखंड में कुमाऊं के रुद्रपुर में मंगलवार देर रात महसूस किए गए भूकंप के झटकों के दौरान जान बचाने के लिए बाहर की ओर दौड़ी एक युवती छत से नीचे गिर गई। आनन-फानन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रह है।



इंदिरा बंगाली कलोनी निवासी अनीता मंगलवार रात अपने परिवार के साथ सो रही थी। रात करीब 2 बजे अचानक भूकंप के झटके महसूस होने पर वह उठकर बाहर की ओर भागी। अनियंत्रित होकर दूसरी मंजिल की रेलिंग से अनीता नीचे आ गिरी। उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया।

परिवार के लोग उसे शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार उसका अपरेशन किया जाएगा। निजी अस्पताल के चिकित्सक ड वसीम ने बताया कि युवती के काफी चोट लगी है और उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर आया है। उन्होंने कहा कि उसका उपचार जारी है। वहीं झूलाघाट पिथौरागढ़ में मंगलवार की रात आए भूकंप से नेपाल के डोटी जिले में मकान ध्वस्त होने से छह लोगों की मलबे मे दबकर मौत हो गई।

## संजय राउत की जमानत के आदेश पर रोक खारिज, होगी रिहाई



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुंबई की पीएमएलए कोर्ट ने बुधवार को शिवसेना सांसद संजय राउत और सह आरोपित प्रवीण राउत की जमानत के आदेश पर रोक को खारिज कर दिया है, उन्हें रिहा किया जाएगा।

करीब 101 दिन से जेल में बंद शिवसेना सांसद संजय राउत को मुंबई की एक विशेष अदालत ने जमानत दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने गोरेगांव के पात्रा चाल पुनर्विकास मामले से उत्पन्न एक कथित मनी लन्ड्रिंग घोटाले के सिलसिले में 31 अगस्ध्त को छापेमारी कर एक अगस्ध्त को राउत को गिरफ्तार किया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पिछले सप्ताह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नामित विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने आदेश सुरक्षित रख लिया था।प्रवर्तन निदेशालय ने राज्यसभा सदस्य संजय राउत को इस साल 1 अगस्त को उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा चाल के पुनर्विकास के संबंध में वित्तीय अनियमितताओं में उनकी कथित भूमिका को लेकर गिरफ्तार किया था।

बता दें कि संजय राउत इस समय न्यायिक हिरासत में है और मुंबई के आर्थर रोड जेल में बंद है। राउत ने अपनी जमानत याचिका दाखिल की थी जिस पर ईडी ने राउत की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पात्रा चाल पुनर्विकास से संबंधित मनी लान्ड्रिंग मामले में एक प्रमुख भूमिका निभाई।ईडी की जांच पात्रा चाल के पुनर्विकास और उनकी पत्नी और सहयोगियों से संबंधित वित्तीय लेनदेन में कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है। बता दें कि गोरेगांव में सिद्धार्थ नगर, जिसे पात्रा चाल के नाम से जाना जाता है, 47 एकड़ में फैला हुआ है ।

# शीघ्र होगा त्यूनी, चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण, विस्तारीकरण : महाराज

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून। प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि त्यूनी चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 707(अ) का चौड़ीकरण व विस्तारीकरण के कार्य के लिए जल्दी ही अनुबंध करने के साथ-साथ सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाएगा।लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश की सड़कों गढ्डा मुक्त करने का अभियान मुस्तैदी के साथ चल रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। उन्होंने त्यूनी चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 707(अ) के चौड़ीकरण व विस्तारीकरण के कार्य के लिए जल्दी ही अनुबंध करने के साथ-साथ सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की बात कही है। श्री महाराज ने



कहा कि निनूस दारमीगाड़ मोटर मार्ग जिसकी लम्बाई 5 किमी. है उसके डामरीकरण का कार्य शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है और 60 से 65 किमी. तक के चकराता लाखामण्डल मोटर मार्ग के नवीनीकरण के और प्रस्तावित राज्य मार्ग संख्या-17 त्यूनी-पुरोला-नौगांव मोटर मार्ग 1 से 20 किमी. तक के नवीनीकरण का कार्य एसडीबीसी द्वारा शीघ्र किया जाएगा।

## साहिया में 24 नवंबर को होगा पुरातन छात्र सम्मेलन

विकासनगर। जौनसार बावर राजकीय इंटर कॉलेज साहिया में स्थापना के 72 वर्ष बाद पहली बार पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित होगा। इसके लिए इन दिनों विद्यालय प्रबंधन तैयारियों में जुटा हुआ है। विद्यालय की ओर से 8100 छात्र–छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। 24 नवंबर को होने वाले सम्मेलन में ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था के तहत अभी तक तीन सौ पुरातन छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया है।

## खेल महाकुंभ में सेपियंस स्कूल की धूम, 50 स्वर्ण समेत 118 पदक जीते

विकासनगर। ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ में सेपियंस स्कूल के छात्र–छात्राओं का जलवा रहा। 50 स्वर्ण समेत कुल 118 पदक सेपियंस के छात्रों ने अपने नाम किए। सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके साथ ही देहरादून में संपन्न हुई कुमीते प्रतियोगिता में दो छात्रों ने स्वर्ण जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। बुधवार को विद्यालय के प्रबंधक रविकांत सपरा ने बताया कि खेल महाकुंभ में सेपियंस स्कूल विकासनगर के 39 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 25 स्वर्ण, 21 रजत और एक कांस्य पदक उन्होंने अपने नाम किए। वालीबॉल, खो खो समेत एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन अव्वल रहा।



## ऋषिकेश में हुआ प्रकृति पथ यात्रा का स्वागत

ऋषिकेश। पर्यावरणविद् अनिल जोशी की प्रगति से प्रकृति पथ यात्रा मंगलवार को ऋषिकेश पहुंचे। इस यात्रा के जरिये पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। मंगलवार को ऋषिकेश में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने 17 सदस्यीय दल के साथ ऋषिकेश पहुंचे पर्यावरणविद् अनिल जोशी का स्वागत किया। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में डॉ. जोशी का अहम योगदान है। प्रकृति के प्रति उनका प्रेम पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पर्यावरणविद् अनिल जोशी ने कहा कि वे बीते दो अक्तूबर को मुंबई से साइकिल यात्रा पर निकले थे। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने हरी झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना किया था। इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। मौके पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, शिवम जोशी, पवनेश गौड़, भूषण त्यागी, दीपिका कैंतूरा, श्रुति रावत, शालिनी नेगी, चंदन सिंह बोरा, प्रमोद जोशी, गीतांशु जोशी, ऋषभ भट्ट, दिनेश रावत, मुकुल कुमार, राजीव कश्यप, अनिल डंगवाल, देवेश कोठारी, कपिल गुप्ता, सरदार सतीश सिंह, महेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने किया स्मार्ट सिटी योजनाओं पर हुए खर्च का ब्यौरा तलब

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर अब तक खर्च हुए बजट का ब्यौरा तलब किया है। साथ ही कार्य प्रगति को लेकर भी ब्यौरा मांगा गया है। उधर निर्माण कार्यों पर ढिलाई को लेकर सीईओ के स्तर से कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। काम में देरी के हिसाब से कंपनियों पर जुर्माना तय किया जा रहा है। गौरतलब है कि तीन अक्टूबर को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्मार्ट सिटी योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी। उसी दिन मेयर सुनील उनियाल गामा ने खुद सीएम को एक पत्र लिखकर समस्त योजनाओं की वित्तीय जांच करवाने की मांग की। अब सीएम कार्यालय की ओर से देहरादून स्मार्ट सिटी लिमिटेड को पत्र लिखा है। जिसके तहत अब तक खर्च किए गए बजट का ब्यौरा तलब किया गया है। अब तक धरातल पर कितना काम हो पाया। इसका विस्तृत ब्यौरा मांगा गया है। सीईओ स्मार्ट सिटी सोनिका ने कहा कि काम में ढिलाई बरतने पर एक निजी कंपनी से काम वापस लिया गया है। दूसरी कंपनी से काम हटाकर लोनिवि, सिंचाई विभाग और पेयजल निगम को सौंपे गए हैं। जो कंपनियां तय समय पर काम पूरी नहीं कर पाई। उन पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना तय किया जाएगा। इसके अलावा लाइब्रेरी भवन का काम लगभग पूरा हो चुका है। पलटन बाजार के सौंदर्यीकरण का काम शुरू होने जा रहा है।कंपनियों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माने का प्रावधानः जो भी कार्यदायी संस्था तय समय पर काम पूरा नहीं कर पाई हैं। उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई होगी। ऐसी कंपनियों पर अब प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना तय किया जा रहा है। अनुबंध की शर्तों के मुताबिक स्मार्ट सिटी लिमिटेड अधिकतम 10 प्रतिशत तक जुर्माना लगा सकता है। इसके अलावा कार्य की गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर कंपनी को ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।

अफसरों का बचत पर भी पूरा फोकसः परेड ग्राउंड और पलटन बाजार के सौंदर्यीकरण कार्य प्रस्तावित बजट की अपेक्षा साठ से सत्तर फीसदी बजट में ही पूरा हो जाएगा।

## नियमावली प्रख्यापित करने की मांग को डायट कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग : टीचर एजुकेटर फॉर्म उत्तराखंड के आह्वान पर बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रतूड़ा रुद्रप्रयाग में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर डायटों में शीघ्र नियमावली प्रख्यापित करने की मांग की। प्रदेश के जिला एवं प्रशिक्षण संस्थानों में नियमावली शीघ्र प्रख्यापित किए जाने को लेकर डायट में तैनात शिक्षक–कर्मचारियों द्वारा संकेतिक प्रदर्शन किया गया। रुद्रप्रयाग रतूड़ा में वक्ताओं ने कहा कि 27 जून 2013 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के प्रथम कैडर का शासनादेश हुआ है जिसके माध्यम से डायटों में कार्य कर रहे अकादमिक अभिकर्मियों के वेतन का 90 फीसदी अंश राज्य को केंद्र से मिल रहा है, किंतु नियमावली बनने से विसंगतियां पैदा हो रही है जिस कारण अकादमिक अभिकर्मी लंबे समय से संघर्षरत हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय में भी नियमावली शीघ्र बनाने की बात कही जा रही है।

# राज्य स्थापना दिवस पर निकाली नशामुक्ति जन जागरूकता रैली

नई टिहरी : टिहरी में 22वां राज्य स्थापना दिवस समारोह जनपद मुख्यालय में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान रैली निकाली। उत्तराखण्ड राज्य शहीद आन्दोलनकारी स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

जनपद मुख्यालय में प्रताप इण्टर कालेज में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शहरी विकास व जिले के प्रभारी मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने शिरकत की। मंत्री ने उत्तराखण्ड राज्य शहीद आन्दोलनकारी स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मंत्री ने जनपद के 100 से अधिक



आंदोलनकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक टिहरी किशोर को बतौर आंदोलनकारी सम्मानित किया गया। मंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों व शहीदों के अनुरूप आदर्श उत्तराखंड 2025 को अपना मंत्र बनाकर त्वरित गति से कार्य शुरू कर दिए हैं। आजादी के अमृत काल के लिए आगामी 25 सालों की योजना तैयार की जा रही है। देवभूमि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त व 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप राज्य के विकास की दिशा के निर्धारण पर ध्यान दिया जा रहा है। हमारा प्रयास आगामी 5 सालों में प्रदेश के ग्रोथ रेट को दोगुना करने का है।

# सीएम धामी ने किया भाजपा कार्यालय में विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में विभिन्न विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक उमेश शर्मा काऊ एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

## जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा की

विकासनगर। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र–शिक्षक हितों पर मंथन करने के साथ जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों पर चर्चा की गई। आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज के सभागार में बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी ने ब्लॉक के प्रधानाचार्यों की बैठक ली। बैठक में बीईओ ने सभी प्रधानाचार्यों को विद्यालयों में समावेशी माहौल तैयार करने के निर्देश दिए। खंड शिक्षाधिकारी वीपी सिंह ने बताया कि इस बार जनपद स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी विकासनगर ब्लॉक को मिली है।

# पछुवादून में धूमधाम से मनाया गया राज्य स्थापना दिवस

विकासनगर। पछुवादून में राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिक्षण संस्थानों में गोष्ठियां आयोजित करने के साथ ही स्वच्छता रैली निकाली गई। आंदोलनकारी शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। द हिमालयन इंटरनेशनल स्कूल में उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र–छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी लोकनृत्यों की प्रस्तुतियां दी। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालीपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनएसएस के स्वयं सेवकों ने स्वच्छता रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी संजय परमार ने छात्र–छात्राओं को




स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल थापा, सुदेश, अंकित, आयुष, अमन, अभिषेक आदि मौजूद रहे। आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज में छात्राओं ने आकर्षक रंगोली बनाई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनीता नेगी ने छात्र–छात्राओं को उत्तराखंड की संस्कृति का मुख्य आभूषण गुलबंद बनाना सिखाया। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल नेगी, संजीव कालूरा, कुलदीप जोशी, मनीषा शर्मा, प्रीति जैन, विभा कनुप्रिया, रमा आदि मौजूद रहे।

# ऋषिकेश में शताब्दी समारोह का शानदार आगाज

ऋषिकेश। ऋषिकेश नगर निकाय के शताब्दी समारोह का बुधवार को शानदार तरीके से आगाज हुआ। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर निकाय के दो दिवसीय शताब्दी समारोह ने शहरवासियों के उत्साह को दुगना कर दिया। मैराथन (पांच किमी दौड़ स्पर्धा) के बालक–बालिका वर्ग में भरत मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थी सबसे तेज दौड़े। बालक वर्ग में अभिनव कुमार और बालिका वर्ग में खुशी ने बाजी मारी। सुबह मैराथन दौड़ का शुभारंभ आईडीपीएल खेल मैदान में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल और मेयर अनिता ममगाई ने संयुक्त रूप से धावकों को हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन के बालक एवं बालिका वर्ग में श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज का दबदबा रहा।

बालक वर्ग में एसबीएम इंटर कॉलेज के अभिनव कुमार व बालिका में खुशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में द्वितीय स्थान पर भरत मंदिर के ही आशीष कैंतुरा और तृतीय स्थान पर भरत मंदिर पब्लिक स्कूल के केशव पुंडीर रहे। बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान पर दून इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा रतनजीत और तृतीय स्थान पर पंजाब सिंध क्षेत्र इंटर कॉलेज की छात्रा स्नेहा साहनी रहीं। विजेताओं को नगर निगम प्रांगण स्थित कार्यक्रम स्थल पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि आज पूरा प्रदेश उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस मना रहा है।

## पशु पालकों को सता रहा बारिश का डर

विकासनगर। बुधवार को आसमान मे छाये बादल से शाम तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश की सम्भावना को देखते हुये पशुपालकों को चिंता सता रही है। इन दिनों क्षेत्र में पशुपालक सर्दियों के लिए अपने पशुओं के लिए चारा घास कटान कर रहे हैं। अधिकतर पशु पालकों ने अपनी घासनीओं में घास काट रखा है। अब उन्हें बारिश का डर सता रहा। यदि एक दो दिन के अन्दर बारिश होती है।

# सीडीओ ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले 34 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित

देहरादून। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान द्वारा विकास भवन देहरादून में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 34 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया। साथ ही विकास भवन परिसर स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारियों एवं कार्मिकों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों /कर्मचारियों से प्रेरणा लेते हुए कार्य सम्पादित करने की अपेक्षा की ताकि उनका नाम भी अगले वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची में आए। उन्होंने कहा कि



अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित भाव से कार्य करने से सरकार की जनकल्याणकारी/ विकास योजनाओं का लाभ जनमानस तक पंहुचता है तथा इस प्रकार के कार्यों से राज्य एवं यजनपद की प्रगति बढाने में महत्वपूर्ण योगदान होता हैं इस लिए सभी कार्मिक अपने दायित्वों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन समर्पित भाव से करते हुए राज्य की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दें।आज सम्मानित हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकान्त गिरि, अपर सांख्यिकीय अधिकारी प्रताप सिंह भण्डारी, कम्प्यूटर आपरेटर मोहित भण्डारी, सोबन सिंह रावत श्रीमती सीता देवी पशुधन सहायक, नागेन्द्र तिवारी वरिष्ठ सहायक, गजपाल भारती एडीसीओ सहकारिता शामिल है।

# राज्य की प्रगति के लिए महिलाओं की अहम भूमिका : शाह

## धूमधाम से मनाया राज्य स्थापना दिवस

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : उत्तराखंड राज्य की 22वें स्थापना दिवस को अगस्त्यमुनि के खेल मैदान में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्य स्थापना दिवस पर खेल विभाग द्वारा विभिन्न विधाओं में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी व कार्मिकों, महिला स्वयं सहायता समूहों, व ग्राम प्रधानों को उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जनपद के शहीद राज्य आंदोलनकारी यशोधर बेंजवाल की पत्नी श्रीमती उमा देवी बेंजवाल व अशोक कैशिव के भाई मनोज कैशिव को शॉल ओढ़कर




सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह, अध्यक्ष नगर पंचायत अगस्त्यमुनि श्रीमती अरुणा बेंजवाल, तिलवाड़ा श्रीमती संजू जगवाण, ब्लॉक प्रमुख अगस्त्यमुनि विजया देवी जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च फास्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने कहा कि राज्य गठन के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धा–सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए उत्तराखंड की प्रगति एवं खुशहाली के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 22 वर्ष पूर्ण हो गए हैं जिसमें सरकार द्वारा निरंतर राज्य की प्रगति के लिए कार्य किया जा रहा है। राज्य की प्रगति के लिए महिलाओं की अहम भूमिका है। केदारनाथ विधायक श्रीमती शैला रानी रावत ने कहा कि उत्तराखंड गठन में शहीदों के त्याग एवं बलिदान का ही प्रतिफल है कि हम आज 22वा स्थापना दिवस मना रहे हैं। शहीदों के सपनों को पूर्ण करने के लिए राज्य की खुशहाली एवं प्रगति के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें मातृ शक्ति का महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रगति एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर है तथा हर वर्ग के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद का सौभाग्य है कि हमें युवा जिलाधिकारी मिला है, जिनके कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में केदारनाथ की यात्रा का सफल संचालन किया गया है जिसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगिक मेले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है ।

### बॉलीवाल में बावई, ओपन बैडमिंटन में नवीन व पवन विजयी

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेल विभाग द्वारा कबड्डी, बैडमिंटन, बॉलीबाल का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में तिलवाड़ा की टीम विजेता रही। बॉलीवाल में बावई ने प्रथम स्थान, जखोली की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में नवीन बिष्ट व पवन कोठियाल ने पहला, विक्की कुंवर व रिजवान सिद्धकी ने दूसरा, अजीत व प्रमोद ने तीसरा स्थान हासिल किया। बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वस्थ बेबी शॉ प्रतियोगिता के दौरान 7 माह से 3 वर्ष तक आयुवर्ग में चार तथा 3 से 6 वर्ष तक तीन बच्चों का चयन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के तहत सीनियर वर्ग में अ.प्र. स्कूल गंगानगर के कक्षा 12वीं के छात्र आलोक भंडारी ने पहला, केंद्रीय विद्यालय में अध्ययनरत 12वीं के छात्र प्रियांशु बुटोला ने दूसरा राइंकॉ, अगस्त्यमुनि 9वीं के छात्र कृष रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में काजल, राही रावत व अंश रावत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

### आठ स्वयं सहायता समूह लखपति दीदी योजना से सम्मानित

राज्य स्थापना दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। इनमें बाल विकास विभाग में कार्यरत सरिता देवी व सुनीता देवी सहित खंड विकास कार्यालय ऊखीमठ में जीतपाल सिंह, कुशाल सिंह बिष्ट, हेमंत कुमार तिवारी, प्रीतम पंवार, पंकज बुटोला, अब्दुल कादिर, गजेंद्र प्रसाद उनियाल, हिमांशु नौटियाल, रवींद्र सिंह नेगी, दीपेंद्र सिंह, विपिन रावत आदि सहित कुल 30 कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 6 कृषक, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 ग्राम प्रधान, स्वच्छता पखवाड़े के तहत 3 ग्राम पंचायतों जिनमें जखोली विकास खंड के अंतर्गत मवाणगांव, ऊखीमठ की त्यूड़ी, अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत फलई को सम्मानित किया गया।

# सीबीआई से करवाई जाएं अंकिता हत्याकांड की जांच

**कोटद्वारः** अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। कहा कि प्रदेश की जनता पिछले कई वर्षों से समस्या के निराकरण की मांग उठा रही है। लेकिन, सरकार जन समस्याओं को लेकर लापरवाह बनी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को सदस्यों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। सदस्यों ने बताया कि उत्तराखंड राज्य गठन को 22 वर्ष पूरे हो चुके हैं। लेकिन, आज भी जन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। कहा कि कुछ माह पूर्व प्रदेश में हुए अंकिता हत्याकांड की लगातार सीबीआई जांच करवाने की मांग उठाई जा रही है। लेकिन, सरकार इसकी अनदेखी कर रही है। कई माह बीत जाने के बाद भी अंकिता हत्याकांड में वीआईपी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ऐसे में कैसे पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा यह बड़ा सवाल है। सदस्यों ने यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले, विधानसभा भर्ती नियुक्ति की भी सीबीआई जांच करवाने की मांग उठाई। इस दौरान हेलंग में घसियारियों के साथ बदसलूकी करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कर्रवाई करने के साथ ही घसियारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने, देश का सीमांत राजय होने के कारण सामरिक दृष्टि से एवं पलायन रोकने के लिए राज्य के मध्य में स्थित गौरसैंण को राज्य की स्थाई राजधानी बनाने, वर्ष 1950 से उत्तराखंड राज्य की परिधि के अंदर निवास करने वाले सभी नागरिकों को मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने, समान भौगोलिक, सांस्कृतिक एंव सामाजिक परिवेश वाले हिमाचल प्रदेश की भांति उत्तराखंड मे ंभू-कानून लागू करने की मांग उठाई गई। इस मौके पर शक्तिशैल कपरवाण, महेंद्र सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, श्रवण सिंह रावत, पुष्कर सिंह रावत, गुलाब सिंह, हयात सिंह, भगवती प्रसाद कंडवाल, विनोद चौधरी, विजय पाल सिंह, रमेश चंद्र कोठारी, तेजेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह असवा, सवेंद्र काला, राकेश कुमार, विनोद चमोली आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधान पूरण चंद्र शर्मा को किया सम्मानित

## विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट (पंजीकृत) पदमपुर सुखरो की ओर से ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गी कांति प्रकाश की छठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान ट्रस्ट ने समाज सेवा के लिए झंडीचौड़ पश्चिमी के पूर्व प्रधान पूरण सिंह शार्मा को दानवीर विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा स्मृति सम्मान–2022 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त तहसीलदार सतीश कुमार ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी दानबीर विश्वम्बर दयाल मुनि विश्वकर्मा ने निर्धन छात्रों में शिक्षा के विस्तार व अनाथ, विकलांग और बेसहारों के कल्याण के लिये अपनी निजी पूंजी से ट्रस्ट की स्थापना की। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि झंडिचौड़ के विकास में मुनि जी की अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष बीर सिंह ने कहा कि समाज उन्हीं लोगों को याद करता है जो समाज के लिये जीते हैं और वह समाज की धरोहर भी होते हैं ।सभा को ट्रस्ट की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, सुरेन्द्र लाल आर्य, प.चंद्रमोहन, इन्दर सिंह, शशि देवी, शीला देवी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार, सतीश ओडवाल, राजेन्द्र चौहान, बिमला देवी,आयुषी, सुरेश स्वामी ,पूनम देवी,आर्यन आदि मौजूद थे।



पूर्व प्रधान पूरण सिंह शर्मा को सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य

# धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस


सतपुली में आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार/सतपुलीः सतपुली क्षेत्र में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रदेश के बेहतर विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

उपजिलाधिकारी सतपुली संदीप कुमार के नेतृत्व में तहसील परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राज्य गठन के लिए दिए गए आंदोलनकारियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर नायब तहसीलदार सुधा डोभाल, आरके, कानूनगो, नाजिर सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# भूलाया नहीं जा सकता आंदोलनकारियों का योगदान

## राज्य स्थापना दिवस पर भाजपा की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राज्य स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बेहतर प्रदेश निर्माण के लिए आंदोलनकारियों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि राज्य गठन के लिए दिए गए आंदोलनकारियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

बुधवार को बालासौड़ स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्तओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य गठन के लिए अपने प्रणों का बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश की बेहतर तरक्की के लिए भाजपा सरकार आंदोलनकारियों के बताए मार्ग पर चल रही है। कार्यक्रम के दौरान आंदोलनकारी चंद्रप्रकाश भट्ट की पत्नी गायत्री भट्ट को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला भाजपा नेता राजगौरव नौटियाल, गौरव जोशी, मंजू जखमोला, सौरभ नौड़ियाल, संग्राम सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे


आंदोलनकारी की पत्नी गायत्री भट्ट को सम्मानित करते सदस्य

# कार खाई में गिरी, चालक की मौत

पौड़ी : पौड़ी तहसील क्षेत्र के ज्वाल्पा-सीकू-पौड़ी मोटर मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर 70 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वाहन चालक कार में अकेला था और ज्वाल्पा से अपने गांव कोलड़ी जा रहा था। घटना मंगलवार देर शाम की है। राजस्व उपनिरीक्षक एस हुसैन ने बताया कि मंगलवार की देर रात को ज्वाल्पा से कोलड़ी जा रही एक कार चोरकंडी पट्टी के खातस्यूं के समीप अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। जिसमें खातस्यूं पट्टी के कोलड़ी गांव निवासी 48 साल के जयेंद्र सिंह पुत्र बेलम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर आस-पास के ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्र बाल्मीकि बस्ती एवं डिग्री कॉलेज रोड पर भी सफाई कार्यक्रम किया गया तथा नगर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर प्रेरित किया गया'

महाविद्यालय में उत्तराखंड राज्य के विकास की ओर बढ़ते हुए कदम विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ महंत मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर डॉ मौर्य ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना से अब तक लगातार विकास के मार्ग पर अग्रसर है, लेकिन अभी भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एसके गुप्ता ने छात्रों को अपने कर्तव्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरिता चौहान ने स्थानीय उत्पादों के विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ किशोर चौहान ने उत्तराखंड राज्य की स्थापना के लाभ बताए।

डॉ सुषमा थलेड़ी ने उत्तराखंड के धार्मिक पर्यटन के बारे में बताया। डॉ वंदना चौहान ने उत्तराखंड राज्य की स्थापना में किए गए प्रयासों पर विस्तार से विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ नवरत्न सिंह ने गढ़वाल की संस्कृति की गरिमा के बारे में बताया। डॉ सुरभि मिश्रा,डॉ अरुणिमा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एस के गुप्ता ने किया।


महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

# राज्य आंदोलनकारी ने सम्मान लेने से किया इनकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राज्य स्थापना दिवस पर रामलीला मैदान में प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी महेंद्र असवाल ने सम्मान लेने से इनकार कर दिया। वहीं, कुछ राज्य आंदोलनकारियों ने उचित सम्मान नहीं मिलने की बात कहते हुए प्रभारी मंत्री के सामने नाराजगी भी जताई। हालांकि डीएम द्वारा आंदोलनकारियों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन आंदोलनकारी शांत नहीं हुए। हंगामा बढ़ता देख प्रभारी मंत्री कार्यक्रम से डीएम कार्यालय में जिला योजना की बैठक के लिए निकल गए।

बुधवार को राज्यस्थापना दिवस पर रामलीला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान आंदोलनकारियों, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इसी दौरान राज्य आंदोलनकारी महेंद्र असवाल ने सम्मान लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में नौकरशाह बेलगाम हो गए हैं, शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर डीएम तक को दी गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे दुःखी होकर उन्होंने सम्मान लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हमारी मां, बहू,बेटी सुरक्षित नहीं है तो हम किस खुशी में सम्मानित हों। उन्होंने कहा कि राज्य का गठन यहां के विकास, सुरक्षा को लेकर किया गया था। मगर 22 साल बीत जाने के बाद भी ना तो यहां महिलाएं सुरक्षित है और ना ही प्रदेश में विकास हो पाया है। जिससे दुःखी होकर उन्होंने आज सम्मान लेने से इनकार कर दिया।

# बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की दी जानकारी

## राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज द्वारीखाल में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः द हंस फाउंडेशन व भूमि संरक्षण वन प्रभाग लैंसडौन की ओर से राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज द्वारीखाल के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

राजकीय इंटरमीडिएट कालेज द्वारीखाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इकोनोमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार भारत में पर्यावरण के प्रति जागरूकता काफी कम है। इसके अनुसार, 180 देशों की रैकिंग में भारत का स्थान सबसे पीछे रहा।

जन समुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने व वनों को आग से बचाने के लिए हंस फाउंडेशन व वन विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान चेतना ट्रस्ट के कलाकारों की ओर से कठपुली नाटक का भी आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने धरती पर पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस मौके पर द हंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक मनोज जोशी, परियोजना समन्वयक सतीश बहुगुणा आदि मौजूद रहे।


राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज द्वारीखाल में कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी ।

# हिमालयी संस्कृति को बचाने के लिए हिमालय लोक नीति की आवश्यकता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के समाज शास्त्र विभाग, सेव द हिमालयन मूवमेंट एवं पर्वतीय विकास शोध केंद्र की ओर से उत्तराखंड के 22 वर्षों की यात्रा पर गोष्ठी आयोजित की गई। पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डा.अरविंद दरमोड़ा ने कहा हिमालयी क्षेत्र के जीवन एवं जीविका को ध्यान में रखते हुए हिमालयी संस्कृति, समाज एवं पर्यावरण को बचाने रखने के लिए हिमालय लोक नीति की आवश्यकता है।

गोष्ठी में समाज शास्त्र एवं समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष प्रो. किरण डंगवाल ने कहा कि हिमालय बचाओ-देश बचाओ एक नारा मात्र नहीं है यह भावी विकास नीतियों को दिशाहीन होने से बचाने का भी एक रास्ता है। सेव द हिमालयन मूवमेंट के अध्यक्ष समीर रतूड़ी ने कहा कि पहाड़ के लोग हिमालय बचाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन विकास नीतियों से हिमालय बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हिमालय की संवेदनशीलता को दरकिनार कर जिस विकास नीति का मॉडल यहां लागू किया गया है उसने हिमालय को संरक्षित करने और समृद्ध बनाने में तो कोई भूमिका नहीं निभाई बजाय पहाड़ को आपदाओं का घर बना दिया है। इस मौके पर डा. जेपी भट्ट, डा. दिनेश कुमार, शिवानी, भगत, मनीष भारद्वाज, अंकित उछोली, धारणा शर्मा, राजेंद्र सिंह, वंदना डंगवाल आदि मौजूद रहे।

# बिना फिटनेस के किसी भी दशा में वाहनों का संचालन न हो : चंदन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री चंदन राम दास ने जिलाधिकारी को जिला योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों को स्वीकृत की गयी समस्त धनराशि अवमुक्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनता से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों को पूरा करने के लिए संबंधित कार्यों की डीपीआर बनाने को कहा। प्रभारी मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, लोनिवि, विद्युत सहित अन्य विभागों को जनसुविधाजनक कार्यों में विशेष सतर्कता से कार्य करने को कहा। मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा जोखिम सड़क मार्गों पर आवश्यतानुसार सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस के किसी भी दशा में वाहनों का संचालन न हो पाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाय।

कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री चंदन राम दास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ जिला योजना सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से जिला योजना व अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्यों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने बड़ी परियोजना से जुड़े विभागों को निर्देशित किया कि वे बजट की खर्च प्रगति में विशेष तेजी दिखाते हुए आगामी 15 दिसम्बर तक विकास कार्यों की अपेक्षित प्रगति सुधारें तथा शेष विभाग भी 31 दिसम्बर तक अपने विकास कार्यों की प्रगति में व्यापक सुधार लायें। साथ ही पेयजल विभाग को निर्देशित किया कि पंपिंग योजनाओं का कार्य तथा जहां पाईप लिकेज हैं वहां तत्काल सुधारीकरण का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने पेयजल व विद्युत विभाग को पेयजल आपूर्ति के लिए समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कृषि व उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि लोगों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें योजनाओं से लाभावित करें। जिससे वह अपने ही क्षेत्र में स्वरोजगार कर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकेंगे। उन्होंने विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने, कृषि-उद्यान के साथ-साथ डेयरी, मत्स्य पालन, मौन पालन, मुर्गी पालन व अन्य कृषि सहायक कार्यों को भी बेहतर प्लान के साथ क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, जिला पंचायत अध्यक्षा शान्ति देवी, दायित्वधारी मंत्री राजेन्द्र अन्थवाल, स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, नगर पलिकाध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, डीएफओ मुकेश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिला विकास अधिकारी पुष्पेद्र सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।


कैबिनेट मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री चंदन राम दास समीक्षा बैठक लेते हुए।

# भाषण प्रतियोगिता में अर्पिता तोमर रही अव्वल

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित की गई प्रतियोगिता


महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स

**कोटद्वारः** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में अर्पिता तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी डा. देवेन्द्र सिंह चौहान, प्राचार्य डा. महन्थ मौर्य, इतिहास विभाग के डा. जुनीष कुमार,शिक्षा विभाग के डा. हीरा सिंह, भौतिक विज्ञान के डा. मुकेश रावत तथा जीव विज्ञान के डा. मोहन कुकरेती जी के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगित में अर्पिता तोमर प्रथम, अंजलि राणा द्वितीय, विशाल नेगी तृतीय, एकल गीत प्रतियोगिता में प्रिया खंतवाल प्रथम, प्रीति द्वितीय, हिमानी तृतीय, उत्तराखंड सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंजलि राणा प्रथम, भूमिका नेगी द्वितीय, स्नेहा रावत तृतीय स्थान पर रही।

# राज्य स्थापना दिवस पर सरकार की बुद्धि शुद्धि को किया हवन



चम्पावत। पाटी ब्लाक के देवीधुरा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश बिष्ट के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने राज्य स्थापना दिवस पर सरकार की सद्बुद्धि को लेकर हवन का आयोजन किया। बुधवार सुबह देवीधुरा स्टेशन चौराहे में हवन यज्ञ किया गया।

इस दौरान आप पार्टी के राजेश बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड की मांग उत्तराखंड के हितों व उसके कल्याण हेतु की गई थी लेकिन भ्रष्ट सिस्टम और लचर कार्य व्यवस्था ने उत्तराखंड के सपनों को विलुप्त के कगार पर पहुंच गया है। नौजवान सड़कों में आ गये हैं, यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाला मामला हो,रिक्त पदों में बैंकडोर भर्तियां हो। अंकिता हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया। वहीं स्वर्गीय किरण नेगी के बलात्कारियों को करने के आदेश से पूरा देश में आक्रोश है। अनेकों मामले सरकार की नाकामी साबित कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार का ध्यान उत्तराखंड में घटित हो रही घटनाओं पर केंद्रित करने के लिए और सद्बुद्धि देने के लिये हवन किया गया।

## भाजपा सरकार में विकास कार्य ठप

पिथौरागढ़ : राज्य स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने गोष्ठी कर महिलाओं, बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना की। कांग्रेस ने अग्निवीर के नाम पर सेना को कमजोर करने का आरोप लगाया है। बुधवार को यहां कांग्रेस पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष त्रिलोक सिंह महर की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। गोष्ठी के बाद कार्यकर्ताओं ने राज्य स्थापना दिवस पर केक काटा और खुशी मनाई। जिलाध्यक्ष महर ने कहा कि राज्य आज स्थापना के 22 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। कांग्रेस शासनकाल में राज्य विकास के पथ पर आगे बढ़ा पर वर्तमान में प्रदेश सरकार विकास कार्यों को ठप करने का काम कर रही है।



# विकास पुस्तिका का विमोचन किया

बागेश्वर : जिले में राज्य स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। तहसील परिसर स्थित शहीद स्थल पर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्वक याद किया गया। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि हमें शहीदों ही शहादत को नहीं भूलना चाहिए। उनके सपनों को पूरा करना हम सभी का दायित्व है। इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। इससे पहले सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। (एजेंसी)

# लापता युवक को परिजनों के सुपुर्द किया



चम्पावत : बनबसा -नानकमत्ता से लापता एक युवक को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द किया। वह मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। शारदा बैराज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई हेमंत कठैत ने बताया कि मंगलवार सुबह दस बजे उन्हें सूचना मिली कि शारदा नदी तट पर श्मशान घाट के आसपास भारत नेपाल सीमा के जंगल में एक युवक संदिग्धावस्था में घूम रहा है। इस पर वह मौके पर पहुंचे ओर युवक को पकड़कर पूछताछ की। काफी पूछताछ के बाद उसने नानकमत्ता का नाम बताया। इस पर पुलिस ने नानकमत्ता पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि युवक गणेश चंद्र पुत्र रूपचन्द्र निवासी बरकी डांडी थाना नानकमत्ता से 6 नवंबर से लापता है।

वह मानसिक रूप से कमजोर है। इस पर पुलिस ने उसके परिजनों को बनबसा बुलाया और युवक को उन्हें सौंप दिया। पुलिस टीम मे कास्टेबल जगबीर सिंह, संजय शर्मा ओर जल पुलिस से विनोद यादव शामिल थे। (एजेंसी)

# एलटी चयनितों ने स्थापना दिवस पर की भूख हड़ताल

हल्द्वानी। राज्य स्थापना दिवस पर बुधवार को सहायक अध्यापक एलटी भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों ने विरोध स्वरूप भूख हड़ताल की। इस दौरान नियुक्ति की मांग दोहराई गई। तिकोनिया बुद्ध पार्क में आयोजित एक दिवसीय भूख हड़ताल के दौरान सबसे पहले बीते दिनों सेना भर्ती परीक्षा में असफल रहने पर आत्महत्या करने वाले युवक के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि अभ्यर्थी 5 सितंबर 2022 शिक्षक दिवस के दिन से देहरादून माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में लगातार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तराखंड सहायक अध्यापक भर्ती 2020 का विज्ञापन 13 अक्तूबर 2020 को जारी किया गया था। परिणाम 31 दिसंबर 2021को जारी हुआ। इसके बाद चयनित अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग को लेकर कई बार सीएम, शिक्षा मंत्री और विधायकों से मिलकर उन्हें ज्ञापन दे चुके हैं। लेकिन अभी तक किसी को भी नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया है। मांग उठाई कि शिक्षा की रैंकिंग में पिछड़ने वाले उत्तराखंड राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जल्द जारी किया जाना चाहिए। हड़ताल करने वालों में ओम प्रकाश जोशी, कमलेश शर्मा, दीपक बिष्ट, सुदीप यादव, मीना चंद्रा, पवन, श्याम, विमल, ममता, संगीता, किरन, विक्रम, कंचन, जगदीश चंद्र आर्या, भूपेश हबीला, संतोष, दीपिका, नीलम आदि मौजूद रहे।

# 200 व 400 मी. दौड़ में ललित ने मारी बाजी



अल्मोड़ा : धौलछीना में विकासखंड स्तरीय खेल महाकुंभ का बुधवार को समापन हो गया है। बुधवार को समापन पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंडर-21 बालक वर्ग की 200, 400 मीटर दौड़ में लिंगुड़ता न्याय पंचायत से ललित चम्याल प्रथम स्थान पर रहे। वहीं 1500 व 5000 मीटर दौड़ में लिंगुड़ता न्याय पंचायत से शंकर सिंह बोरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर– 21 बालक वर्ग की कबड्डी में पल्यू न्याय पंचायत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जितेंद्र मेहरा, खेल समन्वयक गणेश शाही, गिरीश बिष्ट, रविशंकर गुसाईं, उमेद मनराल, चंद्र शेखर खाती, राजेन्द्र जड़ौत, मोहन सिंह, राम रत्न राठौर, मोहित डॉर्बी, गौरव पांडेय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

बागेश्वर : गरुड़ राज्य स्थापना दिवस पर गरूड़ भाजपा इकाई ने राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गरुड़ पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। राज्य स्थापना दिवस पर गरुड़ पार्टी कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया।

पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड राज्य हमें काफी संघर्ष के बाद मिला है जिसे संवारने के लिए भाजपा विशेष प्रयास कर रही है। भाजपा नेता घनश्याम जोशी ने कहा कि राज्य का गठन भाजपा ने किया तथा उसे संवारने का काम भी भाजपा ही कर सकती है। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा द्वारा देश का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। उन्होंने शहीदों को श्रदांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भाजपा नेता व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य की जनता व शहीदों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य का गठन किया गया। इस दौरान आंदोलनकारी जगदीश तिवारी, राजेंद्र रावत को भाजपा की ओर से सम्मानित किया तथा शहीदों के चित्र में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नंदन सिंह अल्मियां, हरीश रावत, हेमा बिष्ट, सुनीता आर्या, जनार्दन लोहुमी, गोपाल किरमोलिया, सुनील दोसाद, विनोद भटट, इंद्र सिंह बिष्ट, गोदावरी देवी, हेमा पंत, डीके जोशी, विपिन तिवारी, महेश ठाकुर, मंगलराण्णा, हेम रावत, शेर सिंह, दीपक खुल्बे, अभय नेगी, रमेश जोशी, ताइरा बानू, धनी देवी, हीरा लाल आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## स्यालदे में न्याय पंचायत खेल महाकुंभ शुरू

अल्मोड़ा : स्याल्दे में बुधवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आगाज हुआ। खटलगांव खेल मैदान में सल्ट विधायक महेश जीना ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले दिन खोखो, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

## आंदोलनकारियों ने किया सम्मान समारोह का विरोध

अल्मोड़ा : राज्य स्थापना दिवस पर राज्य आंदोलनकारियों ने द्वाराहाट के मुख्य बाजार स्थित त्रिमूर्ति चौक पर हाथ में काली पट्टी बांध सरकार का विरोध जताते हुए धरना दिया। आंदोलनकारियों ने प्रशासन के सम्मान समारोह का भी विरोध किया।

धरना स्थल पर हुई सभा के दौरान आंदोलनकारियों ने कहा कि राज्य बनने के 22 वर्षों बाद भी स्थायी राजधानी गैरसैंण नहीं बन पायी। तत्कालीन सरकारों ने राज्य की मूल अवधारणा के अनुरूप कोई काम नहीं किया। नीतियों के अभाव में सशक्त भू–कानून, मूल निवास 1950, पलायन, बेराजगारी जैसी समस्याओं पर सरकार कोई काम नहीं कर पायी। इसका आंदोलनकारी विरोध करते हैं। कहा गया कि महिला आरक्षण, आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण लागू किया जाय।

# रामनगर में राज्य आंदोलन के शहीदों को किया याद



हल्द्वानी। राज्य स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लखनपुर शहीद चौक पर शहीदों को नमन किया। विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भावना भट्ट, नवीन करगेती, सत्य प्रकाश शर्मा, अमिता लोहनी आदि मौजूद रहे। वहीं राज्य आंदोलनकारियों, विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी शहीद पार्क लखनपुर में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी के संचालन में गोष्ठी हुई। वक्ताओं ने खटीमा, मसूरी, मुजफ्फरनगर कांड के आरोपियों को अब तक सजा नहीं मिलने पर रोष जताया। सुमित्रा बिष्ट , इंद्र सिंह मनराल, हाफिज सईद अहमद, राजेंद्र खुल्बे, रईस अहमद, फजल खान, पान सिंह नेगी, योगेश सती, नवीन नैनवाल, पुष्कर दुर्गापाल, नवीन नैथानी आदि मौजूद रहे। परिवर्तनकामी छात्र संगठन ने महाविद्यालय परिसर में उत्तराखंड आंदोलन की महत्वपूर्ण झलकियों को पोस्टरों के माध्यम से जीवंत किया। छात्र संगठन के रवि, विनोद ने राज्य में बढ़ते अपराध, बेरोजगारी सहित विभिन्न मुद्दों पर बात की।

# प्रशासन ने किया राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित



हल्द्वानी। राज्य स्थापना दिवस पर प्रशासन की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम मनीष कुमार ने सभी राज्य आन्दोलनकारियों का स्वागत किया। राज्य आन्दोलनकारी जगमोहन चिलवाल, बालम बिष्ट, भाष्कर बृजवासी, दिनेश थुवाल, भुवन तिवारी, दीपक रौतेला, मोहनी रावत, अनिल बर्गली, विरेन्द्र सिंह, भगवती बिष्ट, जानकी जोशी, पुष्पा बिष्ट, आशा रावत, केदार पलड़िया, कमल जोशी, बृजमोहन सिंह, प्रकाश चन्द्र जोशी डीएन जोशी, पूरन चन्द्र दानी, दीवान सिंह बिष्ट, कैलाश साहनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन हुकुम सिंह कुंवर ने किया।

## विधायक ने दिल्ली में मृतक मनोज के परिजनों से की मुलाकात

अल्मोड़ा : विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने नई दिल्ली में एक हत्याकांड में मारे गए रानीखेत मूल के प्रवासी मनोज नेगी के परिजनों से मुलाकात की। डॉ. नैनवाल ने वलजीतनगर में मृतक मनोज के परिजनों को सांत्वना देते हुए भरोसा दिलाया कि हत्याकांड में शामिल सभी दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। इस मौके पर विधायक ने पीड़ित परिवार को अपनी तरफ से सहायता राशि भी प्रदान की।

इसके बाद विधायक डॉ. नैनवाल संबंधित थाने में जाकर जांच अधिकारी, एसीपी और थानाध्यक्ष से भी मुलाकात की तथा अधिकारियों से केस में किसी तरह की हीला-हवाली न बरतने को कहा। साथ ही अब तक की जांच का ब्योरा अधिकारियों से लिया।



# चयनित एलटी अभ्यर्थी बैठे भूख हड़ताल पर

बागेश्वर : एलटी में चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। नाराज अभ्यर्थियों ने अपनी मांग को लेकर कलक्ट्रेट में भूख हड़ताल पर बैठे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि चयन होने के बाद भी उन्हें नियुक्ति आज तक नहीं मिल पाई है।

इससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं। उन्होंने सरकार ने जल्द तैनाती देने की मांग की। इस मौके पर भुवन जोशी, शिल्पी नेगी, मनोज कुमार, मंजू कठायत, शोभा कपकोटी, सीमा लोबियाल, धीरेंद्र टम्टा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# मूल उद्देश्यों को हासिल करने में निरंतर पिछड़ रहा राज्य : तिवारी

अल्मोड़ा : राज्य स्थापना दिवस रानीखेत में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय पीजी कॉलेज में एनएसएस और राजनीति विज्ञान विभाग की तरफ से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्तराखंड विधि आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और राज्य आंदोलनकरी एडवोके दिनेश तिवारी ने कहा कि राज्य स्थापना के वास्तविक उद्देश्यों तक पहुंचने के नए सामाजिक जागरण और आंदोलनों की सख्त दरकार है। उन्होंने कहा कि राज्य अपनी स्थापना के मूल उद्देश्यों को हासिल करने में निरंतर पिछड़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार के पहाड़ विरोधी नजरिए और फैसलों ने पहाड़ों से मैदानों की ओर पलायन की रफ्तार को पहले से अधिक तेज कर दिया है।

प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने डॉ. दीपा पांडे, डॉ. भुवन तिवारी, डॉ. रश्मि रौतेला, डॉ. प्राची जोशी, डॉ. भारती बहुगुणा, पूजा बोहरा ने भी राज्य स्थापना के विषय में विचार रखे। प्रतियोगिता में शुभम तिवारी, हर्षिता अधिकारी, आकांक्षा जोशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय आदर्श बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में राज्य गठन की आवश्यकता, उद्देश्य तथा संघर्ष पर विचार, कविता पाठ का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्तराखंडी लोकगीत एवं लोकनृत्य की दिलकश प्रस्तुति दी।

## शिक्षक प्रशिक्षण नियमावली लागू करने की मांग उठाई

चम्पावत : टीचर एजुकेटर फोरम उत्तराखंड के बैनर तले डायट लोहाघाट में प्रवक्ताओं ने शिक्षक प्रशिक्षण नियमावली लागू करने की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रवक्ता मनोज भाकुनी के नेतृत्व में प्रवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि 27 जून 2013 को डायट के पृथक कैडर का शासनादेश हो चुका है। जिसके अनुसार डायट में कार्य कर रहे अकादमिक अभिकर्मियों के वेतन का 90 फीसदी अंश राज्य सरकार को केंद्र सरकार से मिल रहा है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने किया शहीद आंदोलनकारियों के परिजनों को सम्मानित

रुद्रपुर। राज्य स्थापना दिवस पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद आंदोलनकारियों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों और राज्य आंदोलन के दौरान जेल गए आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। बुधवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय ने कहा कि राज्य और केंद्र की सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड राज्य की स्थापना की दिशा में काम कर रहे हैं। इसी के तहत पहाड़ों में रेल सेवा शुरू करना, चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऑलवेदर रोड, रोपवे का शिलान्यास आदि काम किए जा रहे हैं। पुष्कर सिंह धामी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य को अग्रणी स्थान पर लाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। 2025 तक उत्तराखंड राज्य देश के नंबर एक स्थान पर होगा। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट ने शहीद आंदोलनकारियों के परिजन नरेश चंद, अनिल भट्ट, देवकी देवी, रेखा सामंत, नानक सिंह, अब्दुल राशिद को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान राज्य आंदोलन के दौरान जेल गए आंदोलनकारी रमेश जोशी रामू, हयात सिंह बुंगला, प्रतिमन सिंह कन्याल, कुंदन सिंह बिष्ट को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व, अजय भट्ट का थारू राइंका के एनसीसी कैडेट और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक हिमांशु बिष्ट ने किया। इस मौके पर किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, संतोष अग्रवाल, जीवन कन्याल, नीरज रस्तोगी, विनोद जोशी, अंजू सिंह, विमला मुंडेला, नीता सक्सेना, शांति ज्याला, धाना भंडारी, इंदिरा चंद, रेनू भंडारी, जानकी पांडेय, जानकी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध : चंदन

## राज्य स्थापना दिवस पर बहुउद्देशीय भवन का किया लोकार्पण राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित



राज्य स्थापना दिवस पर समाज कल्याण मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री चंदन राम दास आंदोलनकारी को सम्मानित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 22 वीं वर्षगांठ जनपद में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर समाज कल्याण मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री चंदन राम दास ने उत्तराखण्डराज्य आंदोलनकारियों व शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने श्रीनगर रोड पर स्थित 99.75 लाख रुपये की लागत से बने डॉ. भीमराव अम्बेड़कर बहुद्देशीय भवन का लोकार्पण किया।राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री ने बुधवार को प्रातः 9 बजे जिला मुख्यालय के एजेंसी चौक निकट स्थित शहीद स्मारक पर श्रृद्धासुमन अर्पित किये। इसके उपरान्त प्रभारीमंत्री ने कंण्डोलिया ठाकुर मंदिर में जनपद व प्रदेश की खुशहाली के लिए पूजा अर्चना की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पौड़ी जिला ऐतिहासिक होने के साथ-साथ उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन की अधार भूमि है यहीं से उत्तर-ाखण्ड राज्य अन्दोलन की मांग की चिंगारी उठी थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य बनने के बाद जनपद के दूरस्थ गांवों के आखरी व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही जरुरतमंद व पात्र व्यक्ति को इनका भरपूर लाभ मिल पा रहा है। उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन रांसी खेल मैदान के लिए आवश्यक धनराशि आवंटित कराकर निर्माण कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिला मुख्यालय पर बस डीपो की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने एक ओर जहां जिलाधिकारी को बस डीपो हेतु भूमि चयन के निर्देश दिये हैं वहीं जिला मुख्यालय पौड़ी व देहरादून के बीच शीघ्र ही एक बस सेवा शुरु करने का भी आश्वासन दिया। राज्य स्थापना दिवस के शुभअवसर पर प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 10 लाभार्थियों को 5-5 हजार रुपये के चैक, विकासखण्ड पाबौ के 10 स्वंय सहायता समूहों को 25 लाख के सांकेतिक चैक वितरित किये गये। जबकि 20 लखपति दीदीयों, एनआरएलएम के लाभार्थियों, 6 उद्यमियों सहित कार्यक्रम में 10 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण, 45 किशोरी किट के अलावा निबंध प्रतियोगिता व क्रॉस कन्ट्री दौड़ के अब्बल प्रतिभागियों को पुरुस्कार व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्षा शान्ति देवी, दायित्वधारी मंत्री राजेन्द्र अन्थवाल, स्थानीय विधायक राजकुमार पौरी, नगर पलिकाध्यक्ष पौड़ी यशपाल बेनाम, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, ब्लॉक प्रमुख दीपक खुगसाल, प्रमुख नैनीडांडा प्रशांत कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष दुगड्डा भावना चौहान आदि उपस्थित रहे।

## आज होगी श्रद्धांजलि सभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : श्रीयंत्र टापू कांड की बरसी पर गुरूवार 10 नवम्बर को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रगतिशील जनमंच की ओर से किया जाएगा। इस मौके पर जगमोहन सिंह बिष्ट द्वारा लिखित पुस्तक श्रीयंत्र टापू कांड एवं खैट पर्वत का अनशन का विमोचन भी किया जाएगा। प्रगतिशील जन मंच के अध्यक्ष अनिल स्वामी ने बताया कि नगर पालिका सभागार में श्रीयंत्र टापू कांड के शहीदों यशोधर बेंजवाल एवं राजेश रावत को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## शहीदों को दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर :भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य स्थापना दिवस पर श्रीनगर स्थित श्रीयंत्र टापू कांड के शहीदों को याद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्रीयंत्र टापू पर जाकर शहीद यशोधर बेंजवाल व राजेश रावत की स्मृति में टापू पर दीप जलाकर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला मंत्री जितेंद्र रावत, मानव सिंह बिष्ट, अर्जुन कृष्ण गैरोला, दिनेश रुडोला आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री बोले पौड़ी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी नगर एवं पौड़ी ग्रामीण मंडल भाजपा द्वारा जिला पंचायत हाल में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को कई लाभ मिल रहे है।

कार्यक्रम में परिवहन एवं प्रभारी मंत्री चंदनराम दास ने कहा कि उत्तराखंड राज्य अटल ने बनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चारधाम रोड रेल मार्ग, भारत माला कार्यक्रम के साथ ही केदारनाथ, बदरीनाथ में भव्य निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से उत्तराखंड को संवारने का काम किया जा रहा है।

उत्तराखंड राज्य स्थापना करवाने में जिस शहर ने पहली भूमिका निभाई है वह पौड़ी नगर से शुरू हुई है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर कार्यकर्ता का सम्मान होगा। मैं पौड़ी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। विकास कार्यों का कड़ाई से पालन करवाया जाएगा।

इस मौके पर विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र गढ़वाली, जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, मंडल अध्यक्ष क्रान्ति किशोर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह रावत, राजेन्द्र सिंह राणा, सुरेन्द्र जुगराण, मधु खुगसाल, सुबोध नौटियाल, परमानन्द चतुर्वेदी, कमल किशोर, शशी रतूड़ी, कमल रावत, राजकुमार रावत, सुभाष, बृजमोहन नौटियाल, शैलेंद्र नौटियाल, कमलेश पंवार, सावित्री देवी, सरिता लिगंवाल, अशोक डुकलान, मनोज नैथानी आदि शामिल रहे। संचालन जिला मंत्री एवं राज्य स्थापना दिवस के जिला संयोजक दिगंबर सिंह नेगी ने किया।

# राज्य सरकार उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित : प्रेमचंद

नई टिहरी : राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शहरी विकास व जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने चंबा ब्लाक मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

बुधवार को आयोजित बैठक में डा. अग्रवाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त व 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों में उत्तराखंड को शामिल करने का काम करेंगे। डा. अग्रवाल ने कहा कि जन भावनाओं के अनुरूप राज्य के विकास की दिशा का निर्धारण पर ध्यान दिया जा रहा है। हमारा प्रयास आगामी 5 सालों में प्रदेश के ग्रोथ रेट को दोगुना करने का है। प्रदेश के विकास की हमारी अकेले की नहीं बल्कि सवा करोड़ करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक यात्रा है। डा. अग्रवाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का उत्तराखंड में लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित भाव से जुड़ी है। लोगों को योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का समाधान हो इसके लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि पर खासतौर पर फोकस किया गया है। अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों व शहीदों के अनुरूप आदर्श उत्तराखंड 2025 को अपना मंत्र बनाकर त्वरित गति से कार्य शुरू कर दिए हैं। आजादी के अमृत काल के लिए आगामी 25 सालों की योजना तैयार की जा रही है। एसडीसी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारा उत्तराखंड अग्रणी राज्य रहा है। मंत्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करने का आवाहन किया। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, पूर्व दर्जाधारी अतर सिंह, ब्लाक प्रमुख शिवानी बिष्ट, राज्य आंदोलनकारी वीरेंद्र सिंह नेगी, मण्डल अध्यक्ष सुशील बहुगुणा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा परमवीर पंवार, जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा ओम प्रकाश, हरि प्रसाद सकलानी, सुशील कुमार, मण्डल महामंत्री विनोद सुयाल, ललित सुयाल, दरमियान सिंह नेगी, बिशन चंद रमोला, राकेश सुयाल आदि उपस्थित रहे। (एजेन्सी)

## नैनबाग शरदोत्सव : सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान अर्जुन सिंह सिरोही को

नई टिहरी : नैनबाग शरदोत्सव विकास मेला और खेल प्रतियोगिता का देर रात पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। कबड्डी प्रतियोगिता के ओपन पुरुष वर्ग में तोमर क्लब बणगांव नैनबाग ने प्रथम, टिहरी पुलिस की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान अर्जुन सिंह सिरोही को मिला।

## नियुक्ति न मिलने से नाराज चयनित एलटी अभ्यर्थियों ने किया अनशन

चमोली : चयनित होने के करीब दो साल बाद भी नियुक्ति न मिलने से नाराज एलटी चयनित शिक्षकों ने तहसील कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आमरण अनशन किया। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया न होने से उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को राज्य स्थापना दिवस पर एलटी चयनित अभ्यर्थी तहसील पहुंचे। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि सरकार और आयोग द्वारा 13 अक्तूबर 2020 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया। 8 अगस्त 2021 को परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसके बाद चयनित अभ्यर्थियों का 19 जुलाई से 28 जुलाई 2022 तक अभिलेख सत्यापन किया गया लेकिन अब तक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिल पाई है। ऐसे में उन्हें मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# क्रॉस कंट्री दौड़ में विजय, रोशनी, कमल, दीपांशु, आकांक्षा रहे अव्वल


राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन पौड़ी के तत्वाधान में खेल विभाग द्वारा कण्डोलिया पार्क से क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूष व महिला ओपन वर्ग, अण्डर-14 बालक व बालिका वर्ग एवं अण्डर-18 बालक वर्ग में 74 बालक एवं 23 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम चार विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ओपन पुरुष वर्ग में विजय दोई, ओपन महिला वर्ग में रोशनी रावत, अंडर-18 बालक वर्ग पर कमल, अंडर-14 बालक वर्ग में दीपांशु, अंडर-14 बालिका वर्ग में आकांक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्रॉस कंट्री में अण्डर-14 बालक-बालिका दौड़ कण्डोलिया पार्क-कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी-कण्डोलिया पार्क तक, अण्डर-18 बालक एवं ओपन वर्ग महिला की दौड़ कण्डोलिया-सर्किट हाउस-कण्डोलिया पार्क तक तथा ओपन बालक की क्रॉस कंट्री दौड़ कण्डोलिया पार्क से देवप्रयाग रोड स्थित पेट्रोल पंप से वापस कण्डोलिया पार्क तक आयोजित की गई। क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पौरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। ओपन पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर विजय दोई, द्वितीय राहुल चौधरी, तृतीय सूरज कुमार, ओपन महिला वर्ग में प्रथम रोशनी रावत, द्वितीय सिमरन रावत और तृतीय खुशी रावत रहे। इसके साथ ही अंडर-18 बालक वर्ग प्रथम स्थान पर कमल, द्वितीय धर्मेश व तृतीय स्थान पर अनिकेत रहे। अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः दीपांशु, जीवन व नितिन, अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः आकांक्षा, बिंदिया व सृष्टि रावत रहे। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी कुशलानंद गैरोला, प्रभारी क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार, सहायक प्रशिक्षक अन्तर्राष्ट्रीय निर्णायक हॉकी दीपक जोशी, जिला खेल समन्वयक योगम्बर बिष्ट, कमल उप्रेती, शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक केशर सिंह असवाल, बबीता रावत, नीतू पंत, सोनम पटवाल, गणेश चंद्र, विकास बिष्ट, राकेश मोहन रावत, अजयपाल प्रवेन्द्र रावत सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# राज्य स्थापना दिवस पर किया आंदोलनकारियों का सम्मान



नई टिहरी : राज्य स्थापना दिवस पर नरेंद्रनगर के नगर पालिका टाउन हॉल विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शहीद के स्मारक में माल्यार्पण कर उन्हें को याद किया। वन मंत्री ने 32 राज्य आंदोलनकारियों को शॉल देकर सम्मानित किया। राज्य आंदोलनकारी विद्या दत रतूड़ी ने कहा कि हमने अलग राज्य का जो सपना देखा था, वह अभी अधूरा है। थत्यूड़ में विधायक प्रीतम पंवार ने शहीद आंदोलकारी स्व. बिजेंद्र भट्ट के चित्र पर पुष्प कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और राज्य आंदोलकारियों को सम्मानित किया। स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। उधर हाईड्रो इंजीनिरिंग कॉलेज भागीरथी पुरम में भी राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज की ओर से राज्य आंदोलकारी देवेन्द्र नौडियाल और विक्रम कठैत को सम्मानित किया गया। मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम पंवार, राजेंद्र भंडारी, विनोद कुकरेती, राजपाल पुंडीर, उपेंद्र थपलियाल, देवेन्द्र नेगी, सुभाष रमोला, सीता रावत, कुंवर सिंह पंवार, गीता रावत, हीरमाणी गौड़ आदि शामिल थे। (एजेन्सी)

## राज्य आंदोलनकारियों का किया सम्मान

चमोली : राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल ईकाई थराली ने राज्य आंदोलनकारियों को शाल एवं फूलमालाओं से सम्मानित किया। वहीं तहसील कार्यालय थराली में भी एक सादे समारोह में तहसीलदार प्रदीप नेगी ने राज्य आंदोलनकारियों को फूलमालाओं के साथ सम्मानित किया। स्थापना दिवस के अक्सर पर थराली में भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चिन्हित आंदोलनकारी कुंदन परिहार, मोहन बहुगुणा, खीमानंद खंडूड़ी, कृष्णापाल गुसाईं एवं हरेंद्र सिंह बिष्ट को फूलमाला पहना कर शॉल उड़ा कर सम्मानित किया। इस मौके पर आंदोलनकारी खीमानंद खंडूड़ी एवं मोहन बहुगुणा ने 1994 में हुए उत्तराखंड आंदोलन के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए संघर्ष की याद दिलाई।

# शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बेहद जरूरी

## ऊखीमठ में क्रिकेट एकेडमी शुरू

रुद्रप्रयाग : बुधवार को ऊखीमठ में मद्महेश्वर क्रिकेट एकेडमी का विधिवत उद्घाटन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव भट्ट व पूर्व अध्यक्ष आनन्द सिंह रावत द्वारा पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया।

राइंका ऊखीमठ के निकट जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव एवं मद्महेश्वर क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष गणेश वर्मा के द्वारा क्रिकेट एकेडमी का निर्माण किया गया है। ऊखीमठ क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति युवाओं में काफी उत्साह है लेकिन उचित मार्गदर्शन न मिलने कारण युवा आगे नहीं बढ़ पाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष विजय राणा ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी है। क्रिकेट विश्व स्तर पर लोकप्रिय खेल है। कहा कि एकेडमी बनने से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को उचित मंच मिलेगा। एकेडमी के अध्यक्ष गणेश वर्मा ने कहा कि पहाड़ों में युवा बेहद प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन्हें अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए उचित विकल्प नहीं मिलता है। इसी सोच को लेकर उन्होंने एकेडमी का निर्माण किया है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विजय राणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव भट्ट, पूर्व अध्यक्ष आनन्द सिंह रावत, वीपी किमोठी, प्रदीप धर्मवान, कोषाध्यक्ष भगवती शैव, कलाधर सेमवाल, गजेंद्र करासी, केएस राणा, दलबीर रावत, देवेंद्र प्रसाद, विजेंद्र नेगी, प्रदीप राणा, आरती शैव, ईश्वर लिंग, नवदीप नेगी, बलबीर नेगी, पुरुषोत्तम कुंवर आदि थे। (एजेन्सी)

## देवप्रयाग में खेल महाकुंभ 11 से

नई टिहरी : देवप्रयाग ब्लॉक की खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का 11 नवम्बर से होगी। यह जानकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि देवप्रयाग महाविद्यालय के खेल मैदान में 11 नवंबर को अंडर-14, 12 को अंडर-17 तथा 13 नवम्बर को अंडर-21 के खिलाड़ियों की विभिन्न खेल प्रतियोगिता कराई जाएगी। बताया विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार तीन सौ रुपए, द्वितीय को दो सौ और तृतीय विजेता को डेढ़ सौ रुपए नकद दिये जाएंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र और अभिभावकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र साथ लाना हो कहा है। (एजेन्सी)

# लोक नृत्य व लोकगीत में जहंगी पहले स्थान पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित मंदाकिनी शरदोत्सव एवं कृषि औद्योगिक विकास मेले के तीसरे दिन बुधवार को युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में महिला मंदल दल द्वारा लोकनृत्य एवं एकांकी विधाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेला समिति द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती प्रज्ञा दीक्षित को स्मृति चिह्न एवं शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती प्रज्ञा दीक्षित ने महिला मंगल दलों द्वारा लोकनृत्य एवं एकांकी कार्यक्रम की प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। लोक नृत्य में पहले स्थान पर रही महिला मंगल दल जहंगी, दूसरे स्थान पर महिला मंगल दल फलासी, तीसरे स्थान पर रही महिला मंगल दल सिलगांव रहे, लोकगीत में पहले स्थान पर जहंगी, कविल्ठा, तृतीय स्थान जखोली, एकांकी कार्यक्रम में पहले स्थान पर फलासी, द्वितीय जखोली, तृतीय ऊखीमठ ने प्राप्त किया, जिन्हें विधायक श्रीमती शैला रानी रावत ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में नरेंद्र रौथाण पूर्व अध्यापक, सुरेंद्र दत्त नौटियाल पूर्व खंड विकास अधिकारी, मनोज थापा संगीत शिक्षक राइंका रुद्रप्रयाग रहे। इस अवसर पर मेला समिति के संयोजक विक्रम नेगी, महासचिव हर्षवर्धन बेंजवाल, सुमन नेगी सदस्य जिला पंचायत, ऐश्वर्य नेगी, ग्राम प्रधान किमांणा संदीप, युवा कल्याण अधिकारी वरद जोशी आदि मौजूद थे।

## राज्य निर्माण की मूलभावना के अनुरूप विकास हो

नई टिहरी : प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने राज्य स्थापना की प्रदेश व क्षेत्र वासियों को बधाईयां देते हुए राज्य स्थापना दिवस पर राज्य निर्माण को अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते याद किया। इस मौके पर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि लंबे संघर्षों के बाद राज्य मिला, लेकिन अभी भी पलायन का दंश झेल रहे प्रदेश को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर घर-घर और गांव-गांव तक पहुंचाने होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रत्येक गांव तक पहुंचाना, स्कूल कालेजों में बेहतर शिक्षा से पलायन रोक कर प्रदेश को खुशहाल बनाया जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि राज्य निर्माण की मूलभावना के अनुरूप प्रदेश का विकास हो। बाईस वर्ष के युवा उत्तराखंड के संवर्धन को नीतिगत योजनाओं का खाका तैयार किया जाना चाहिए। मूलभूत आवश्यकताओं का विकास होना चाहिए। (एजेन्सी)

## लोकगीत नृत्य एवं कविता पाठ किया

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर बादशाहीथौल में उत्तराखंड राज्य के 22वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर परिसर निदेशक प्रोफेसर एए बौड़ाई, पूर्व निदेशक प्रोफेसर डीएस कैंतुरा, उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर मनमोहन सिंह नेगी, प्रोफेसर के एस रावत, डा. अनुप सेमवाल ने अवसर पर छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड राज्य निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड राज्य निर्माण, उत्तराखंड पर विभिन्न लोकगीत नृत्य एवं कविता पाठ किया। इस अवसर पर सिद्दी पेटवाल, ललिता डोभाल, पिंकी, गोपीचंद उनियाल, ललिता डोभाल, अरविंद, साक्षी, श्रुति, शिवानी गीत-गायन और भाषण देकर उत्तराखंड को लेकर चर्चा की।

# विभिन्न संगठनों ने दी पत्रकार बिजेंद्र को श्रद्धांजलि

नई टिहरी : पत्रकार स्व. बिजेंद्र महर के आकस्मिक निधन पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों तथा लंबगांव के व्यापारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महर का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक घाट माजफ में किया गया, उनके बड़े बेटे मनीष और छोटे बेटे अनीष ने उनके शव को मुखाग्नि दी। व्यापार मंडल लंबगांव ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

श्रद्धांजलि देने वालों में व्यापार मंडलध्यक्ष युद्धवीर राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष भरोसी देवी रांगड, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा, देवी सिंह पंवार, जिपंस रेखा असवाल, नीलम बिष्ट, संजू देवी रांगड, थानाध्यक्ष महिपाल रावत, ममता पंवार, सौरभ रावत, कमलनयन कुडियाल, आशीष रावत, जगदीप रावत, यशवीर राणा, रोशन रांगड, राजीव पंवार, सुमन रांगड, रविंद्र कंडियाल, सतीश रांगड, जगनमोहन नौटियाल, अनीता, महावीर थलवाल, केश-ाव रावत, प्रवीण पंवार,मनोज रमोला, राजपाल राणा, जयप्रकाश, मुकेश रावत, सोवत बिष्ट, सुरेश रावत, विजय रावत, पवन नेगी, बिक्रम थलवाल आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

# मां नंदा और लाटू की पूजा अर्चना के साथ नंदासैंण मेला शुरू



चमोली : गैरसैंण और कर्णप्रयाग विकासखंड की सीमा पर स्थित नंदासैंण में बुधवार को चार दिवसीय पर्यावरण संवर्धन, पर्यटन एवं विकास मेले की शुरूआत हुई। मेले का आगाज हिमालय की आराध्य देवी मां नंदा और नंदा के धर्म भाई लाटू की पूजा अर्चना के साथ हुआ।

बुधवार सुबह मेला मैदान में प्राथमिक विद्यालय मलेठी, ऐरोली, दुबतोली, गिरतोली, कफलोड़ी के बच्चों ने मार्च पास्ट का आयोजन किया।

जिसके बाद मेला पांडाल में महिला मंगल दल पुनगांव, मालई, बैनोली, मलेठी सहित अन्य महिलाओं ने जागर, चौंफला सहित मां नंदा के जागरों की प्रस्तुति दी। वहीं मेले में कृषि, पशुपालन, वन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य आदि विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत ने बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। इस अवसर पर ईश्वरी प्रसाद मैखुरी, मेला समिति अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, पूर्व प्रमुख राजेंद्र सगोई, संदीप कुमार, भुवन नौटियाल, धनपा देवी, गोवर्धन कैलखुरा, अवतार सिंह चौधरी, जगदीश मलेठा, त्रिलोक खत्री, मनोज चौहान, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

सम्पादकीय

# भूकंप के प्रति जागरूकता जरूरी

प्राकृतिक विषमताओं की दृष्टि से बेहद संवेदनशील उत्तराखंड प्रातिक आपदाओं को जनता आया है। पिछले दशकों में उत्तराखंड में उत्तरकाशी में एक बड़े भूकंप को भी जिला है जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। उस वक्त से लेकर आज तक उत्तराखंड की धरती जमीन के कई किलोमीटर नीचे होने वाली हलचल से हिलती आई है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण हमेशा ही यहां जान मान की हाली का खतरा बना रहता है। नेपाल में देर रात आए भूकंप का असर उत्तराखंड में भी देखा गया जो खासतौर से कुमाऊंबेल्ट से लेकर देहरादून तक में महसूस किया गया। इस भूकंप से 4 दिन पहले ही उत्तरकाशी में भी पुनः भूकंप आया था जिसके बाद से लोग डरे हुए थे। भूकंप का पूर्वानुमान करना अब ज्यादा मुश्किल नहीं है लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि इस संबंध में अब नियमित तौर पर आम लोगों को सचेत रखा जाए। जिस प्रकार से मौसम की जानकारी हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है उसी प्रकार आप भूकंप हुआ अन्य प्रातिक आपदाओं को लेकर जनता को समय-समय पर सचेत करना चाहिए। भूकंप से बचने के लिए यूं तो कई प्रकार के इतिहास बरसने का प्रशिक्षण दिया जाता रहा है लेकिन यह भी समझना होगा कि आखिर भूकंप के पीटे कैसी परिस्थितियां छिपी रहती है?भूकम्प या भूचाल पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल (लिथोस्फीयर) में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरे नगर को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है। भूकंप को नापने के लिए वैज्ञानिकों ने भूकंप मापी यंत्र का आविष्कार किया है, जिसे सीस्मोग्राफ कहा जाता है। जिसकी प्रचलित माप रिएक्टर के तौर पर पहचानी जाती है. नेपाल में आया भूकंप 6.3 रिएक्टर स्केल का था । या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण होता है। पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है, जो सूनामी का कारण है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी गतिविधियों को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप आने के दौरान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि संयम रखा जाए एवं ऐसे स्थानों की खोज की जाए जो सुरक्षित हो। खास तौर से महानगरों की ऊंची इमारतों में रहने वाले लोगों को इस दौरान बेहद सतर्कता एवं सावधानी से कार्य लेना चाहिए। केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूकंप के संबंध में नियमित तौर पर सूचना एवं अलर्ट जारी करने की व्यवस्था को अमल में लाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की संभावित भूकंप जैसी घटना के प्रति ऐतिहासिक कदम उठाए जा सकें।

# उपचुनाव के तीन संदेश और एक सबक !

अजीत द्विवेदी

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजे का क्या संदेश और सबक है? मोटे तौर पर एक संदेश यह है कि भाजपा अपने दम पर अखिल भारतीय पार्टी बन रही है। दूसरा संदेश यह है कि कांग्रेस कई नए राज्यों में समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। और तीसरा संदेश यह है कि प्रादेशिक क्षत्रपों से मुकाबला भाजपा के लिए अब भी मुश्किल है। इन तीन संदेशों के अलावा एक सबक है कि अगर विपक्षी पार्टियां एकजुट नहीं होती हैं और वोटकटवा पार्टियों का इस्तेमाल भाजपा अपने हिसाब से करती रहती है तो आगे का हर चुनाव विपक्ष के लिए ज्यादा मुश्किल होता जाएगा। ओडिशा और बिहार में अगर विपक्ष एकजुट रहता तो नतीजे अलग हो सकते थे। तेलंगाना में भी कांग्रेस और टीआरएस साथ लड़े होते तो टीआरएस उम्मीदवार की जीत का अंतर बहुत बड़ा होता।

उपचुनावों के नतीजों के संदेश पर बात करें तो यह तय हो गया है कि भाजपा अब अपने दम पर अखिल भारतीय पार्टी बनने की ओर से बढ़ रही है। उसने अपना एक ऐसा मजबूत सामाजिक आधार तैयार कर लिया है कि वह किसी भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी को चुनौती दे सकती है। बिहार की दो विधानसभा सीटों और ओडिशा व तेलंगाना की एक एक सीट के नतीजे से इसका संकेत मिलता है। बिहार की दो में से एक सीट राजद और एक भाजपा ने जीती। गोपालगंज सीट उसके विधायक के निधन से खाली हुई थी और उसने दिवंगत विधायक की पत्नी को उम्मीदवार बनाया था। वे करीब 18 सौ वोट से जीतीं, जबकि पिछले चुनाव में उनके पति 35 हजार से ज्यादा वोट से जीते थे। हालांकि तब भाजपा और जदयू का गठबंधन था और दोनों का एक मजबूत सामाजिक आधार था।

जदयू के अलग होने और राजद के साथ मिल जाने के बाद भी राजद उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा की उम्मीदवार का 41 फीसदी वोट हासिल करना बहुत बड़ी बात है। जीत का अंतर भले कम रहा लेकिन जाति में बंटे बिहार में यह नतीजा एक बड़ा संदेश देने वाला है। यह भी हकीकत है कि बसपा और एमआईएम के करीब साढ़े 12 फीसदी वोट की वजह से राजद की हार हुई लेकिन उनका लडना भी अनायास नहीं था। भाजपा के लिए ये दोनों पार्टियां कई जगह मुफीद साबित हुई हैं और आगे भी इनके इस तरह से भाजपा की मदद करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। सो, विपक्ष को उस हिसाब से अपनी तैयारी करनी होगी। बिहार की दूसरी सीट मोकामा में पिछली बार अनंत सिंह 35 हजार वोट से जीते थे, जब राजद अकेले लड़ी थी। इस बार जब राजद और जदयू मिल कर लड़े हैं तो उनकी पत्नी करीब 16 हजार वोट से जीती हैं। वहां भी भाजपा उम्मीदवार का अपने दम पर 42 फीसदी

**कांग्रेस में भी अब तक ऐसा ही चलता आ रहा था। पिछले 20 साल से कांग्रेस में भी चुनाव नहीं हुआ। आखिरी बार सन 2000 में सोनिया गांधी को जितेंद्र प्रसाद ने चुनौती दी थी लेकिन बुरी तरह से हारे थे। उसके बाद सोनिया अध्यक्ष चुनी जाती रहीं। अध्यक्ष का कार्यकाल भी बढ़ा कर पांच साल कर दिया गया था ताकि बार बार चुनाव का झंझट नहीं रहे। सोनिया गांधी 1998 से 2017 तक अध्यक्ष रहीं। उसके बाद राहुल गांधी अध्यक्ष चुने गए। वह भी औपचारिकता थी। वे निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया तो फिर सोनिया गांधी अंतरिम अध्यक्ष बनीं और अंतरिम अध्यक्ष वाला सिस्टम तीन साल से चल रहा है। लेकिन इस बार सब कुछ बदला हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव इस समय की सबसे बड़ी राजनीतिक घटना है। इस चुनाव के बहाने कितने राज्यों के समीकरण बन और बिगड़ रहे हैं।**

से ज्यादा वोट हासिल करना मामूली नहीं है। इन दोनों चुनावों को इस रोशनी में देखने की जरूरत है कि आज बिहार की सभी पार्टियां- राजद, जदयू, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआईएमएल, हम, वीआईपी आदि एक साथ हैं और दूसरी ओर अकेले भाजपा है, जिसे बंटी हुई लोजपा का समर्थन है। इसके बावजूद अगर विधानसभा के चुनाव में भाजपा अपने दम पर 40 फीसदी से ऊपर वोट हासिल कर रही है तो यह बिहार की राजनीति में उसके मजबूत होते सामाजिक व राजनीतिक आधार का संकेत है।

बिहार के बाहर भाजपा ने सबसे कमाल का प्रदर्शन तेलंगाना में किया, जहां उसके उम्मीदवार को 38 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले। भाजपा का उम्मीदवार करीब 10 हजार वोट से हार गया, लेकिन तेलंगाना राष्ट्र समिति, कांग्रेस और एमआ-ईएम के गढ़ में भाजपा का मुख्य मुकाबले में होना और 87 हजार के करीब वोट हासिल करना इस बात का संकेत है कि कर्नाटक के बाद तेलंगाना दूसरा राज्य बन रहा है, जहां भाजपा बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है।

ध्यान रहे पिछले साल नवंबर में हुए हुजूराबाद सीट पर भाजपा ने टीआरएस को हरा कर जीत दर्ज की थी। तभी इस बार टीआरएस ने पूरी ताकत लगाई थी। ऐसे ही ओडिशा की धामनगर सीट भाजपा ने बचा ली। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करिश्मे और बीजू जनता दल की तमाम मेहनत के बावजूद भाजपा के सूर्यबंशी सूरज का जीतना मामूली बात नहीं है। पहले उनके पिता इस सीट से जीते थे।




भाजपा ने अपने गढ़ उत्तर प्रदेश के गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव में जीत का अंतर पिछले चुनाव से बढ़ा लिया। सो, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन यह दिखाता है कि प्रचार और संसाधनों के इस्तेमाल के साथ साथ पार्टी एक मजबूत सामाजिक व राजनीतिक आधार बनाने में कामयाब हुई है।

इन उपचुनावों का दूसरा संदेश यह है कि कई राज्यों में कांग्रेस पार्टी लगभग समाप्त हो गई है। कांग्रेस ने बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की चार सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा था। उसने सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और तीनों पर उसका उम्मीदवार हार गया।

हरियाणा की आदमपुर सीट पर कांग्रेस मुकाबले में दिख रही थी फिर भी उसका उम्मीदवार 16 हजार के करीब वोट से हारा। तेलंगाना में कांग्रेस की उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रही और ओडिशा में महज दो फीसदी वोट हासिल कर कांग्रेस उम्मीदवार चौथे स्थान पर रहा। पिछले चुनाव में कांग्रेस तेलंगाना में मुख्य विपक्षी पार्टी थी। ओडिशा में पार्टी पिछले चुनाव से पहले तक मुख्य विपक्षी पार्टी होती थी और हरियाणा में मुख्य विपक्षी पार्टी है। इन तीनों राज्यों में कांग्रेस कोई कमाल नहीं कर पाई। तेलंगाना में तो जिस समय मतदान हुआ उस समय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी चल रही थी। इसके बावजूद कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इससे साफ है कि कांग्रेस का वोट आधार घट रहा है, संगठन कमजोर हो रहा है और नेता नदारद हो रहे हैं। कांग्रेस को इस पर ध्यान देना होगा। अगर वह चाहती है कि भारत जोड़ो यात्रा राजनीतिक रूप से फायदेमंद हो तो संगठन और नेतृत्व पर ध्यान देना होगा।

इस उपचुनाव का तीसरा संदेश यह है कि प्रादेशिक क्षत्रपों से मुकाबला करना भाजपा के लिए अब भी मुश्किल है। भाजपा जितनी आसानी से कांग्रेस को हरा लेती है उस आसानी से वह प्रादेशिक पार्टियों को नहीं हरा पाती है। उत्तर प्रदेश का मामला अलग है, जहां सांप्रदायिक ध्रुवीकरण 80 और 20 के अनुपात में हो रहा है। लेकिन उसके अलावा बाकी राज्यों में उपचुनाव में भाजपा के लिए मुकाबला आसान नहीं रहा। बिहार में वह बसपा और एमआईएम की मदद के बावजूद दो हजार से कम वोट से जीती और एक सीट हार गई। दोनों सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। तेलंगाना में करीब 10 हजार वोट से टीआरएस ने भाजपा को हराया। महाराष्ट्र में हार की आशंका में भाजपा ने पहले ही चुनाव मैदान छोड़ दिया था और नोटा की मदद की थी। ओडिशा में बीजू जनता दल के साथ करीबी मुकाबले में भाजपा अपनी जीती हुई सीट बचाने में कामयाब रही। बिहार की गोपालगंज और ओडिशा की धामनगर सीट पर सहानुभूति फैक्टर से भी भाजपा को लाभ मिला। गोपालगंज में उसने दिवंगत विधायक की पत्नी को और धामनगर में दिवंगत विधायक के बेटे को उतारा था।इन उपचुनावों का एक सबक विपक्षी पार्टियों के लिए है कि उन्हें हर हाल में एकजुट होना होगा। जिस तरह से किसी जमाने में गैर कांग्रेसवाद के विचार के साथ कांग्रेस विरोधी सभी पार्टियां एकजुट होती थीं। उसी तरह से अगर विपक्ष चाहता है कि भाजपा को चुनौती दे तो उसे एकजुट होना होगा। उनके बिखरे होने या सबके अलग अलग चुनाव लडने का फायदा भाजपा को होता है यह इस उपचुनाव में दिखा। इसमें संदेह नहीं है कि मायावती की बहुजन समाज पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएम और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी अलग अलग कारणों से विपक्ष के साथ नहीं जुडने जा रहे हैं। इनके उम्मीदवार हर चुनाव में होंगे और जाने अनजाने में भाजपा को फायदा पहुंचा रहे होंगे। लेकिन इनके अलावा अन्य विपक्षी पार्टियों को एकजुट होना होगा तभी वे अगले चुनाव में भाजपा को चुनौती दे पाएंगे।

# अशोक गहलोत की बात



ये दोनों नैरेटिव इतने परस्पर विरोधी हैं कि इन्हें मानने वालों के बीच आज किसी प्रकार के संवाद की गुंजाइश नहीं दिखती। इसीलिए मानगढ़ जिले में एक समारोह के दौरान गहलोत ने जो एक सामान्य बात कही, उसने ध्यान खींचा और महवपूर्ण मालूम पड़ी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अश-ोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में एक मार्के की बात कही। मौका मानगढ़ जिले में एक समारोह का था। गहलोत ने कहा कि नरेंद्र मोदी आज दुनिया भर में जहां भी जाते हैं, वहां उनका सम्मान होता है, तो इसलिए कि वे एक ऐसे देश के प्रधानमंत्री के रूप में वहां जाते हैं, जहां 70 में लोकतंत्र की समृद्ध परंपरा खड़ी हुई है। स्पष्टतरू गहलोत ने मोदी के सम्मान को देश के सम्मान से जोड़ा। यह बात संभवतरू मोदी और उनके कट्टर समर्थकों को रास नहीं आई होगी। इसलिए कि उन्होंने अपनी राजनीतिक पूंजी श70 साल में कुछ नहीं हुआ और सिर्फ देश को लूटा गया का नैरेटिव फैलाते हुए बनाई है। उनकी इस रणनीति से उन्हें और उनकी भारतीय जनता पार्टी को काफी सियासी फायदा हुआ है। लेकिन इसका एक दूसरा परिणाम देश में गहरे मत-विभाजन और ध्रुवीकरण के रूप में उभरा है। इसके बीच एक दूसरा नैरेटिव यह है कि बीते आठ साल में वह श्इंडिया स्टोरी धूमिल हो गई है, जिसकी बदौलत भारत की सारी दुनिया में प्रतिष्ठा बढ़ती जा रही थी। अब वो कहानी पलट गई है। ये

दोनों नैरेटिव इतने परस्पर विरोधी हैं कि इन्हें मानने वालों के बीच आज किसी प्रकार के संवाद की गुंजाइश नहीं दिखती। इसीलिए मानगढ़ जिले में एक समारोह के दौरान गहलोत ने जो एक सामान्य बात कही, उसने ध्यान खींचा और महवपूर्ण मालूम पड़ी। तथ्य यही है कि श्इंडिया स्टोरी का आधार भारत में लोकतंत्र की जड़ें गहरी होने, 1990 के दशक के बाद आर्थिक वृद्धि दर में तेज उछाल, और भारतीय शिक्षा संस्थानों से पढ़ कर निकले व्यक्तियों का विदेशों में पेशवेर क्षेत्रों- खास कर आधुनिक क्षेत्र प्रबंधन के क्षेत्र में छा जाने से बना। ये तीनों आधार आज कमजोर होते नजर आते हैं। दुनिया की बड़ी सूचना तकनीक कंपनियों के उच्च पदों पर पहुंचे भारतीय गुजरे दशकों में तैयार हुए थे। अब शिक्षा को जैसे ढाला जा रहा है, उसके बीच ऐसा हो पाएगा, इसकी संभावना लगातार घट रही है। लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था का हाल तो जग-जाहिर है। ऐसे में गहलोत की बात पर ध्यान देना आज के सत्ताधारी नेताओं के साथ-साथ देश के लिए भी लाभदायक होगा।

# भारत में शिक्षा की दुर्दशा



**गैर-सरकारी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की फीस 50-50 हजार रु.महिना तक है। आजकल अस्पताल और ये शिक्षा-संस्थाएं देश में ठगी के सबसे क्रूर ठिकाने बन गए हैं। देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े और आदिवासी लोग समुचित शिक्षा और चिकित्सा के बिना ही अपना जीवन गुजारते रहते हैं। सरकारी स्कूल और अस्पताल भी उनकी सेवा सरल भाव से नहीं करते। देश के 90 प्रतिशत स्कूल फीस-वसूली के दम पर जिन्दा रहते हैं। देश में 29600 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। 4 हजार से ज्यादा मदरसे भी इसी श्रेणी में आते हैं।**

वेद प्रताप वैदिक

भारत में शिक्षा की कितनी दुर्दशा है, इसका पता यूनेस्को की एक ताजा रपट से चल रहा है। 75 साल की आजादी के बावजूद एशिया के छोटे-मोटे देशों के मुकाबले भारत क्यों पिछड़ा हुआ है, इसका मूल कारण यह है कि हमारी सरकारों ने शिक्षा और चिकित्सा पर कभी समुचित ध्यान दिया ही नहीं। इसीलिए देश के मुा भिर लोग अपने बच्चों को प्रायवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं और निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं। देश के 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के बच्चे उचित शिक्षा-दीक्षा से और वे लोग पर्याप्त चिकित्सा से वंचित रहते हैं। यूनेस्को ने भारत में खोज-पड़ताल करके बताया है कि देश के 73 प्रतिशत माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकि वहां पढ़ाई का स्तर घटिया होता है। वहां से पढ़े हुए बच्चों को ऊँची नौकरियां नहीं मिलती हैं, क्योंकि उनका अंग्रेजी ज्ञान कमजोर होता है।

हमारी सरकारों के निकम्मेपन के कारण आज तक सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी अनिवार्य है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े हुए बच्चे बड़े होकर या तो सरकारी नौकरियां हथियाने या फिर अमेरिका और कनाडा भागने के लिए आतुर रहते हैं। गैर-सरकारी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की फीस 50-50 हजार रु. महिना तक है। आजकल अस्पताल और ये शिक्षा-संस्थाएं देश में ठगी के सबसे क्रूर ठिकाने बन गए हैं। देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े और आदिवासी लोग समुचित शिक्षा और चिकित्सा के बिना ही अपना जीवन गुजारते रहते हैं। सरकारी स्कूल और अस्पताल भी उनकी सेवा सरल भाव से नहीं करते। देश के 90 प्रतिशत स्कूल फीस-वसूली के दम पर जिन्दा रहते हैं। देश में 29600 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। 4 हजार से ज्यादा मदरसे भी इसी श्रेणी में आते हैं। इन स्कूलों से निकलनेवाले छात्र क्या नए भारत के निर्माण में कोई उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं? यदि हम शिक्षा के मामले में भारत की तुलना दक्षेस के हमारे पड़ौसी सातों देशों से करें तो उक्त पैमाने पर वह अफगानिस्तान के सबसे करीब है लेकिन वह श्रीलंका, भूटान और पाकिस्तान से भी बहुत पिछड़ा हुआ है। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा राष्ट्र भारत है। प्राचीन भारत की शिक्षा-व्यवस्था जगत्प्रसिद्ध रही है। चीन, जापान और यूनान से सदियों पहले लोग भारत इसीलिए आया करते थे कि यहां की शिक्षा-प्रणाली उन्हें सर्वश्रेष्ठ लगा करती थी। आज अमेरिका दुनिया की सर्वोच्च महाशक्ति अपनी शिक्षा के दम पर बना है लेकिन भारत मैकाले की गुलामी में ही गुलछर्रे उड़ा रहा है। पता नहीं, आजादी के सौ साल तक भी इस सड़ी हुई शिक्षा-व्यवस्था को बदलनेवाला कोई नेतृत्व भारत में पैदा होगा या नहीं?

# गुजरात के मोरबी का श्मशान

अजय दीक्षित



रविवार 30 अक्टूबर 2022 को शाम साढ़े छरू बजे मोरबी में एक 130 साल पुराना ब्रिटिश काल के संस्पेंशन ब्रिज टूट गया और लगभग 400-500 लोग गहरे पानी में डूब गये । सरकारी अंकड़ों के अनुसार लगभग 134 लोग मारे गये हैं । बड़ी संख्या में लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं । घटना के कई दिन बीतने के बाद भी मृतकों की तलाश जारी है क्योंकि आशंका है कि अभी भी लोग गहरे पानी में डूबे मरे पड़े होंगे । कहते हैं कि 150 लोग ब्रिज पर मौजूद थे । लगभग सातध्आठ महीने से ब्रिज बन्द था, मरम्मत के लिए । गुजरात में दिवाली के बाद नया विक्रम वर्ष शुरू होता है । अतरू घटना के तीनध्चार दिन पहले ही ब्रिज खोला गया था ।

घटना के तुरंत बाद तो विभिन्न राजनैतिक दलों ने कहा था कि इस हादसे का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए, पर अब विपक्ष भाजपा पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है । कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का आरोप है कि जिस कम्पनी को मरम्मत का ठेका दिया गया था, उसने बड़ी मात्रा में भाजपा को चंदा दिया है । वह कम्पनी घड़ी बनाती है । उसे ब्रिज मरम्मत का कोई अनुभव नहीं है । कई करोड़ खर्च करके पुल की मरम्मत कराई गई थी जो तीन दिन में टूट गया और सैकड़ों लोग मारे गये ।

असल में वे दिन बीत गए जब एक रेल दुर्घटना में तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने त्यागपत्र दे दिया था गुजरात के गृहमंत्री कहते हैं कि उन्होंने घटना वाली रात वहां ही बिताई, प्रधानमंत्री तक गुजरात में ही थे । उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री से बात की और जैसा औपचारिकता में होना चाहिए उन्होंने तुरन्त राहत देने की बात कही । अपनी ओर से मृतकों को दो ?20 और घायलों को ?5 देना तय किया । राज्य सरकार ने मृतकों को चार लाख और घायलों को पचास हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की । जब प्रधानमंत्री दो दिन बाद पहली नवम्बर को घटना स्थल का दौरा किया तो वहां अस्पताल में साफ-सफाई, पेंट किया गया और मरीजों को समझाया गया कि प्रधानमंत्री से क्या कहना चाहिए । एस.डी. आर.एफ और एनडीआर.एफ बचाव कार्य में जुड़े हैं ।

एक अनुमान है कि लगभग 400 500 लोग नदी में गिरे हैं परन्तु घायल और मृतकों की संख्या अभी लगभग 200 तक की ही है तो अभी भी 200 से ज्यादा लोग पानी में समाये होंगे ।

आर्किटेक्चर के प्रोफेसर का कहना है कि शायद ज्यादा लोगों के कारण पुल भार नहीं सह पाया और हिलने के कारण टूट गया । अंग्रेजों ने भारत पर बहुत जुल्म ढाये । परन्तु वे भारतीय रीति-रिवाजों से खिलवाड़ नहीं करते थे । अंग्रेज कलेक्टर भी मय्यत में या किसी जनाजे के निकलने पर अपनी मोटर कार से उतर जाता था और अपना टोप उतार देता था । आजकल टीव्ही. में सीरियलों में यद्यपि ऐसे अवसरों पर लोग स्त्री और पुरुष सफेद कपड़ों में दिखलाई देते हैं परन्तु आज स्त्री और पुरुष फैशन में भी दिखलाई पड़ते हैं ।

**विपक्ष के लिए राजनैतिक हथियार है और सत्तापक्ष को किसी की चिंता नहीं है । वे अपनी जीत के लिए आश्वस्त हैं । टीव्ही.पर बहस चल रही है कि यहां ठग सुशेश ने आम आदमी पार्टी के जेल में बंद सत्येंद्र जैन को दस करोड़ रुपया दिया है । क्या मजाक है ? सुशेश के पास जेल में रहते 10 करोड़ कहां से गया और जेल में बंद सत्येन्द्र जैन क्या फायदा पहुंचा सकता है । परन्तु भाजपा के प्रवक्ता छाती ठोक कर सत्येंद्र जैन को दोषी मानते हैं । असल में तो यदि बात सच्ची है तो पूरे जेल प्रशासन पर कार्रवाई होना चाहिए ।**

मोरबी हादसे के बाद राजनेता गुजरात में जैसे भाषण देते रहे, 31 अक्टूबर को जयंती मनाई जाती रही । पंतप्रधान टप लगाई दिखलाई दिये, कई राजनेता अलग-अलग कार्यक्रमों में अलग-अलग वस्त्र बदलते दिखलाई दिये, उसे लगता है कि मोरबी हादसा उनके लिए चिंता का विषय नहीं है ।

विपक्ष के लिए राजनैतिक हथियार है और सत्तापक्ष को किसी की चिंता नहीं है । वे अपनी जीत के लिए आश्वस्त हैं । टीव्ही. पर बहस चल रही है कि यहां ठग सुशेश ने आम आदमी पार्टी के जेल में बंद सत्येंद्र जैन को दस करोड़ रुपया दिया है । क्या मजाक है ? सुशेश के पास जेल में रहते 10 करोड़ कहां से गया और जेल में बंद सत्येन्द्र जैन क्या फायदा पहुंचा सकता है । परन्तु भाजपा के प्रवक्ता छाती ठोक कर सत्येंद्र जैन को दोषी मानते हैं । असल में तो यदि बात सच्ची है तो पूरे जेल प्रशासन पर कार्रवाई होना चाहिए ।

असल में न तो मुख्यमंत्री, न गुजरात के गृहमंत्री, न वहां के शहरी विकास मंत्री, न ही सड़क मार्ग के मंत्री, न ही कम्पनी पर कोई केस किया गया है । कहते हैं नौ लोगों को पकड़ा गया है । उनमें दो टिकट बेचने वाले, तीन गार्ड जो टिकट चौक करते थे दो ब्रिज रिपेयर करने वाले मिस्त्री, और दो कम्पनी के मैनेजर पकड़े गये हैं । असल में क्या टिकट कलेक्टर या टिकट बेचने वाले जिम्मेदार हैं ? इसमें राजनीति स्तर पर आ गई है कि रिश्वत खाने वाले, राजनैतिक दबाव डालने वाले राजनेता और पंत प्रधान सहित सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष मात्र घडियाली आंसू बहाते हैं और फिर अगले हफ्ते तक का इंतजार करना होगा । दैनिक अजय भारत घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

## राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने दी उत्तराखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य के लगातार प्रगति और विकास की कामना की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के निवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट कर कहा, उत्तराखंड दिवस पर देव भूमि के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड ने अपनी सांसतिक विरासत को संजोते हुए विकास के अनेक प्रतिमान स्थापित किए हैं। मेरी कामना है कि उत्तराखंड संसति और पर्यावरण का संतुलन बनाते हुए विकास के पथ पर सदैव अग्रसर रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में उत्तराखंड के लोगों की भूमिका को याद करते हुए उत्तराखंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट कर कहा, उत्तराखंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई। यह प्रति और आध्यात्मिकता से निकटता से जुड़ा हुआ राज्य है। इस राज्य के लोग, कई क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। आने वाले वर्षों में भी उत्तराखंड प्रगति करता रहे।

## टीवी चैनलों के लिए मोदी सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** मोदी सरकार ने बुधवार को टीवी चौनलों के अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए नए दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी। नई गाइडलाइंस के मुताबिक लाइव प्रसारण के लिए किसी पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं नई गाइडलाइन के मुताबिक, भारतीय टेलीपोर्ट्स को विदेशी चौनलों को भी अपलिंक करने की अनुमति होगी। इससे पहले इन कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण के लिए अनुमति लेनी होती थी। हालांकि राष्ट्रीयध्जनहित में सामग्री प्रसारित करने की बाध्यता भी होगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि, हमने लगभग 11 वर्षों के बाद नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। हमने केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी ली है।

प्रेस कन्फ्रेंस सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि सी बैंड के अलावा फ्रीक्वेंसी बैंड में अपलिंक करने वाले टीवी चौनलों को अनिवार्य रूप से अपने सिग्नल को एन्क्रिप्ट करने की आवश्यकता होती है। एक चौनल को केवल एक टेलीपोर्टध्उपग्रह की तुलना में एक से अधिक टेलीपोर्ट की सुविधाओं का उपयोग करके अपलिंक किया जा सकता है। गैर-समाचार सामग्री के लिए लाइव कार्यक्रमों के लाइव प्रसारण के लिए अनुमति लेने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।

## मंत्री नंदी ने देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर मारा छापा

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने जम्मू कश्मीर सरकार के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक आवास मोहनपुरा जनपद गाजीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समापन समारोह में सम्मिलित होकर लखनऊ लौटते समय देर रात करीब एक बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 9.5 किलोमीटर पर स्थित संसारा टोल प्लाजा (महुआ कला) लखनऊ पर अचानक छापा मारा। औचक निरीक्षण एवं छापा मार कार्यवाही में मंत्री नन्दी ने कई खामियां पकड़ी, उपस्थित कर्मचारियों की संख्या मानक से कम होने एवं उपस्थिति रजिस्टर में लापरवाही मिलने पर मंत्री नन्दी ने सम्बंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने एवं सम्बंधित के खिलाफ का-र्वाई के निर्देश दिए।

# अखिलेश-जयंत साथ मिलकर लड़ेंगे उपचुनाव

### खतौली में रालोद तो मैनपुरी-रामपुर में सपा का होगा प्रत्याशी



**लखनऊ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में रामपुर, मैनपुरी और खतौली में होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल मिलकर लड़ेंगे। समाजवादी पार्टी ने अपले हैंडल से ट्वीट कर इसकी पुष्टि की है। इसके साथ ही पार्टी ने ये भी साफ कर दिया कि इन तीन सीटों में से कौन सी सीट किस के खाते में जाएगी और किस सीट पर सपा या आरएलडी के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। रामपुर और मैनपुरी में सपा प्रत्याशी चुनाव उड़ेंगे और खतौली से रालोद अपना प्रत्याशी उतारेगी।

आपको बता दें कि यूपी में तीन सीटों पर उपचुनाव होने की डेट तय हो चुकी है। 5 दिसंबर को यूपी उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे और 8 दिसंबर को नतीजे आएंगे। दो विधानसभा सीट और एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव निधन के बाद सीट खाली हुई है। रामपुर विधानसभा सीट सपा नेता आजम खान की सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हो गई है। वहीं खतौली विधानसभा सीट भी बीजेपी विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता जाने के बाद खाली हुई है।

तीनों सीट रामपुर, मैनपुरी और खतौली उपचुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई। इन तीनों सीटों पर उपचुनाव के लिए 10 नवंबर से नामांकन शुरू होगा और 17 नवंबर तक नामांकन हो सकेगा। पांच दिसंबर को मतदान कराने की घोषणा की है और आठ दिसंबर को मतगणना होगी।

## अमित शाह की आईबी अधिकारियों के साथ अहम बैठक, आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार को इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। ये बैठक आईबी मुख्यालय में रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली स्तिथ आईबी मुख्यालय में हो रही ये बैठक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली है। इसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह, आईबी अधिकारियों के साथ सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करेंगे। बैठक में देश के अलग अलग हिस्सों के आईबी अधिकारी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में गृह सचिव अजय भल्ला और आईबी चीफ तपन डेका भी मौजूद रहेंगे।सूत्रों ने बताया कि इस अहम बैठक में देश की आंतरिक सुरक्षा, आतंकवाद, नार्को टेररिज्म समेत केंद्र और राज्य की एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय पर चर्चा की जाएगी।

# केंद्र की सत्ता में रहते हुए हिमाचल से विश्वासघात किया कांग्रेस ने: मोदी

**चंबी (कांगड़ा),(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में श्डबल इंजन वाली स्थिर और मजबूत सरकार की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस को श्अस्थिरता, भ्रष्टाचार और घोटालों के लिए जिम्मेदार ठहराया।

कांगड़ा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उस पर केंद्र की सत्ता में रहने के दौरान राज्य के साथ श्विश्वासघात करने का आरोप भी लगाया।

कांगड़ा जिले में राज्य में सर्वाधिक विधानसभा सीट हैं। यहां रैली को संबोधित कर रहे प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस यदि राज्य में सरकार बनाती है तो केवल विकास को बाधित ही करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार केवल दो राज्यों-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बची है। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या उन्होंने कभी वहां से विकास की खबरें सुनी हैं, वहां से कांग्रेस के भीतर मचे घमासान की खबरें आती हैं।

मोदी ने तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस के खिलाफ जनता में इतना गुस्सा है कि उसे दशकों से कई राज्यों में दोबारा सत्ता में आने का मौका नहीं मिला है।

## जी20 में विश्व नेताओं को हिमाचल की कला, हस्तशिल्प वस्तुएं भेंट करेंगे प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडोनेशिया में आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व नेताओं को हिमाचल प्रदेश की कई विशिष्ट कलात्मक और हस्तशिल्प वस्तुएं भेंट करेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इससे हिमाचल प्रदेश की कला एवं संसति का विश्व भर में प्रसार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विभिन्न विश्व नेताओं को चंबा के श्रूमाल, कांगड़ा के लघु चित्र, किन्नौर के शल, कुल्लू के शल तथा पीतल का सामान उपहार स्वरूप देंगे। उन्होंने कहा कि इससे हिमाचल प्रदेश की कला एवं संसति विभिन्न देशों तक पहुंचेगी। जी20 देशों में अर्जेंटीना, अस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। जी20 शिखर सम्मेलन 15 और 16 नंवबर को बाली में हो रहा है तथा प्रधानमंत्री मोदी इसमें भाग लेंगे।

## पर्यावरण के लिए मिले 1286 करोड़ रुपये को अरविंद केजरीवाल ने पानी की तरह बहा दिये : मीनाक्षी लेखी

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केजरीवाल की विज्ञापन रुपी राजनीति और पर्यावरण को लेकर किए गए कोरे वायदों का भंडाफोड़ करते हुए कहा कि 1286.93 करोड़ रुपये पर्यावरण सेस के रुप में दिल्ली की जनता ने केजरीवाल सरकार को दिया लेकिन उन पैसों का रिजल्ट है कि आज छोटे बच्चे खांस रहे हैं, बुजुर्गों को फेफड़ों की बीमारियां हो रही है और दिल्ली के अस्पताल हैं जहां केजरीवाल के चमकते चेहरों के होर्डिंग्स तो मिल जायेंगे, लेकिन बेसिक जांच की सुविधाओं के अभाव में मरीज इधर-उधर भटकते रहते हैं। प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता श्री हरीश खुराना भी उपस्थित थे। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि 10 स्मोग टवर लगाने का दावा केजरीवाल करते हैं और उसके नाम पर 80 लाख रुपये प्रति माह मरम्मत के नाम पर खर्च में दिखाए जाते हैं, लेकिन बावजूद उसके स्मोग टावर काम नहीं कर रहे है। केजरीवाल आजकल दिल्लीवालों के टेक्स के पैसों को दूसरे राज्यों में अपने राजनीतिक पर्यटन में व्यस्त हैं, लेकिन दिल्लीवालों की जरुरतें पूरी नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सेस के रुप में वसूले गए 1286.93 करोड़ रुपये में से 2015-16 में सिर्फ 272.51 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं उसमें से 265 करोड़ रुपये दिल्ली मेरठ रैपीड रेड ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर खर्च हुआ है। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केजरीवाल बार-बार दिल्ली के उपराज्यपाल को ब्लेम करते हैं कि वाहन अन-अफ सिस्टम को रोक दिया नहीं तो दिल्ली का पर्यावरण बेहतर हो जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रदूषण विरोधी प्रमाणिक रिकर्ड दिल्ली प्रदूषण विभाग के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जब पंजाब में मुख्यमंत्री नहीं थे ।

## आंध्र प्रदेश में ट्रेन पटरी से उतरी, नौ ट्रेनें रद्द

**विजयवाड़ा ,(एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में राजमुंदरी रेलवे स्टेशन के पास बुधवार तड़के एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे नौ ट्रेनें रद्द हो गईं। दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाड़ा मंडल के अधिकारियों के अनुसार राजमुंदरी यार्ड में मुख्य लाइन पर तड़के करीब तीन बजे मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

घटना के बाद, रेलवे अधिकारी एक ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही की अनुमति दे रहे थे। इसके चलते नौ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। दो अन्य ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया और एक ट्रेन के समय में बदलाव किया गया।

विजयवाड़ा-विशाखापत्तनाम, विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा, गुंटूर-विशाखापत्तानाम, विशाखापत्तनाम-गुंटूर, विशाखापत्तनम-विजयवाड़ा, विजयवाड़ा-विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा-गुंटूर, गुंटूर-विजयवाड़ा और काकीनाडा पोर्ट-विजयवाड़ा को रद्द कर दिया गया है।

# मामूली राहत के बाद फिर खराब हुई हवायें आज से खुले प्राइमरी स्कूल

**दिल्ली वायु प्रदूषण**



**नईदिल्ली,एजेंसी।** मंगलवार को मामूली सुधार के बाद एक बार फिर दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बदतर हो गई है। बुधवार सुबह दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 339 पर दर्ज किया गया। इसका मतलब है कि दिल्ली की हवा की गुणवत्ता श्बहुत खराबश बनी हुई है। हालांकि, वायु प्रदूषण का स्तर कम होने के बाद सरकार ने प्राइमरी स्कूल खोलने का ऐलान कर दिया था और आज जहरीली हवा में सांस लेते हुए बच्चे स्कूल पहुंचेंगे।

सोमवार सुबह दिल्ली की 24 घंटे का औसत एक्यूआई 354 दर्ज किया गया था, जो मंगलवार शाम को 372 पहुंच गया। अगले दो दिनों में वायु प्रदूषण का स्तर और बढने की आशंका है। बता दें, 0-50 एक्यूआई को अच्छा माना जाता है। 51-100 के बीच यह संतोषजनक, 101-200 तक मध्यम, 201-300 तक खराब, 301-400 तक बहुत खराब और 400 से ऊपर को गंड्ढीर माना जाता है। यानी एक्यूआई जितना ज्यादा होगा, हवा उतनी ही ज्यादा प्रदूषित होगी। मंगलवार शाम को बवाना, जहांगीरपुरी, रोहिणी, विवेक विहार, वजीरपुर और पटपडगंज समेत दिल्ली के कई इलाकों में हवा की गुणवत्ता गंड्ढीर श्रेणी में पहुंच गई थी। कई जगहों पर धुएं की परत ड्डी छाई रही।

वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर के चलते बंद किए गए दिल्ली के प्राइमरी स्कूल आज से खुल जाएंगे। दरअसल, दिल्ली सरकार ने सोमवार को प्राइमरी स्कूलों को खोलने और अपने 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश वापस लेने का फैसला किया था। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में हुए सुधार के चलते यह फैसला लिया गया था। दूसरी तरफ पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में ड्डी कमी दर्ज की जा रही है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को पंजाब में 2,487 जगहों पर पराली जलाई गई, जबकि मंगलवार को 605 जगहों पर ऐसी घटनाएं दर्ज की गई। दिल्ली के प्रदूषण में पराली से निकलने वाले धुएं का योगदान सोमवार को 14 प्रतिशत, जबकि मंगलवार को 9 प्रतिशत रहा। मौसम विड्डाग के अनुसार, दिल्ली के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का अनुमान है। इस कारण लोगों को धुएं की चादर से राहत मिल सकती है।

दिल्ली- एनसीआर के लगड्डाग 80 प्रतिशत परिवारों के कम से कम एक सदस्य को पिछले कुछ हफ्तों में वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ा है।

सर्वे में 18 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वो या उनके परिजन पहले ही डक्टर के पास जा चुके हैं, वहीं 22 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उनके एक या इससे अधिक परिजनों ने डक्टर से बात की है।

इसी तरह 56 प्रतिशत लोगों ने आंखों में जलन, 50 प्रतिशत ने नाक बहने या बंद होने, 44 प्रतिशत ने सांस लेने में दिक्कत या अस्थमा, 44 प्रतिशत ने सिर में दर्द, 44 प्रतिशत ने सोने में दिक्कत और 31 प्रतिशत ने चिंता या ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होने की बात कही।

# मेरा काम बोलेगा, चीफ जस्टिस की शपथ लेने के बाद बोले चंद्रचूड़ गांधी को किया नमन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ ने आज भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडिया को दिए अपने पहले बयान में, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आम नागरिक की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने रजिस्ट्री और न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि मेरी बातों से ज्यादा मेरा काम बोलेगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। हम भारत के सभी नागरिकों की रक्षा करेंगे, चाहे वह टेक्नोलजी या रजिस्ट्री सुधारों, या न्यायिक सुधारों से जुड़े मामले में हो।

न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ अयोध्या विवाद, निजता का अधिकार जैसे अहम मुकदमों में फैसले देने वाली पीठ का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ देश में सबसे लंबे समय तक सीजेआई रहे न्यायमूर्ति वाई.वी.चंद्रचूड़ के बेटे हैं। उनके पिता 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक भारतीय न्यायपालिका के प्रधान रहे थे। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सात दशक से अधिक लंबे इतिहास में यह पहला मौका है जब एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश के बेटे इस पद पर आसीन हुए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 तक दो साल के लिए इस पद पर रहेंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं। उन्होंने न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित का स्थान लिया जिन्होंने 11 अक्टूबर को उन्हें अपना उत्तराधिकारी बनाए जाने की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति ने उन्हें 17 अक्टूबर को अगला सीजेआई नियुक्त किया था। न्यायमूर्ति ललित का कार्यकाल आठ नवंबर को पूरा हो गया, वह केवल 74 दिन के लिए इस पद पर रहे।

## वाराणसी : गोली लगने के बाद सब-इंस्पेक्टर की हालत गंभीर

**वाराणसी ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के रोहनिया थाना क्षेत्र के जगतपुर इलाके में तीन बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर सब-इंस्पेक्टर को गंभीर रूप से घायल कर दिया। 2015 बैच के पुलिस सब-इंस्पेक्टर अजय यादव को सीने में गोली लगी थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमलावर यादव की सर्विस पिस्टल और पर्स लूट कर फरार हो गए।जिले की सीमा सील करने के बाद बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया गया, जबकि आसपास के जिलों में पुलिस अधिकारियों को भी अलर्ट कर दिया गया। पुलिस आयुक्त सतीश गणेश ने कहा, यादव, वर्तमान में लक्सा थाने में तैनात है, वह उस समय वहां मौजूद थे।

## नोटबंदी मामले में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल करने के लिए केंद्र ने मांगा और समय

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नोटबंदी मामले की सुनवाई 24 नवंबर तक के लिए टाल दी। दरअसल, केंद्र सरकार हलफनामा दाखिल करने में विफल रही, जिसे कोर्ट ने श्शर्मिंदा करने वाला श करार दिया। 11 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और आरबीआई से 2016 के नोटबंदी के फैसले पर हलफनामा दायर करने और आरबीआई को केंद्र के पत्र, आरबीआई बोर्ड के फैसले और नोटबंदी की घोषणा के संबंध में फाइलें तैयार रखने को कहा था।

न्यायमूर्ति एसए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति बीआर. गवई, एएस. बोपन्ना, वी. रामसुब्रमण्यम, और बीव्री. नागरत्ना शामिल हैं, ने मामले को तब स्थगित कर दिया जब अटर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने हलफनामा दायर करने के लिए और समय की मांग की।वेंकटरमनी ने हलफनामा तैयार नहीं कर पाने के लिए पीठ से माफी मांगी और एक सप्ताह का समय मांगा। पीठ ने कहा, आम तौर पर एक संविधान पीठ इस तरह कभी भी स्थगित नहीं होती है। हम कभी ऐसे नहीं उठते। यह कोर्ट के लिए भी बेहद शर्मनाक है। इस पर वेंकटरमणि ने कहा कि यह उनके लिए भी शर्मनाक है।

## कोलकाता में विभागीय कोष की हेराफेरी के आरोप में जीएसआई का शीर्ष अधिकारी गिरफ्तार

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने बुधवार को बताया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक शीर्ष अधिकारी को विभागीय कोष की हेराफेरी के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार किया गया है। सब्यसाची साहा (51) को शहर के उत्तरी बाहरी इलाके केस्तोपुर में रवींद्र पल्ली स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया, हालांकि राज्य पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की तारीख और समय के बारे में नहीं बताया।

सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, अधिकारी साहा के खिलाफ विभागीय फंड में करीब एक करोड़ रुपये की हेराफेरी की शिकायतों की जांच कर रहे थे। जांच में पता चला कि ठगी गई रकम को आरोपी ने अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से खोले गए खातों में भेज दिया।पता चला है कि कुछ साल पहले साहा के खिलाफ विभागीय फंड आवंटन के आरोप लगाए गए थे।

# एमसीडी के लिए आज लांच होगी केजरीवाल की 10 गारंटी : सिसोदिया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में एमसीडी चुनाव को लेकर आज सुबह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की अहम बैठक हुई। बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जी कल एमसीडी के लिए केजरीवाल की 10 गारंटी लांच करेंगे। दिल्ली के लोग मांग कर रहे हैं कि एमसीडी में अब ऐसी सरकार आनी चाहिए कि भाजपा के कुशासन, भ्रष्टाचार, कूड़े के पहाड़ों और अव्यवस्था से उनको मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले 15 साल में दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। दिल्ली में चारों तरफ कूड़े के पहाड़ बना दिए गए हैं। दिल्ली के हर कोने, हर गली, हर पार्क में कूड़ा फैला हुआ है। इसके अलावा, व्यापारियों और छोटे-छोटे दुकानदारों का शोषण हो रहा है। दिल्ली में एक आम आदमी को तब तक अपना मकान बनाने नहीं दिया जाता है, जब तक कि भाजपा के किसी व्यक्ति को पैसा नहीं चढ़ा दिया जाए।

अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी की आज हुई अहम बैठक में आप के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी चुनाव से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर पार्टी नेताओं के साथ विस्तार से चर्चा की। मनीष सिसोदिया ने बैठक में हुई चर्चा के बारे मीडिया को जानकारी साझा करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं सीएम अरविंद केजरीवाल जी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की आज बैठक हुई।

बैठक में चर्चा हुई कि किस तरह से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 15 साल में दिल्ली नगर निगम को बर्बाद कर दिया है। भाजपा ने एक तरह से दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। दिल्ली के हर कोने में, हर गली में, हर पार्क में कूड़ा फैला हुआ है। दिल्ली में पार्कों की हालत बहुत ही खराब है। सड़कों के ऊपर आवारा पशु हैं और बहुत बुरी तरह से सड़कों की हालत खराब कर रहे हैं। दिल्ली में किस तरह से व्यापारियों और छोटे-छोटे दुकानदारों का शोषण हो रहा है और उनसे पैसा ले लिया जाता है। किस तरह से दिल्ली में कोई आम आदमी अपना मकान बनाना शुरू करता है, तो बिना पैसा दिए उसको मकान बनाने नहीं दिया जाता है, जब तक कि भाजपा के किसी व्यक्ति को पैसा नहीं चढ़ा दिया जाए। किस तरह से पूरी दिल्ली में चारों तरफ कूड़े के पहाड़ बना दिए गए हैं। बैठक में इन सब मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। एक आम आदमी के लिए, ट्रेडर्स के लिए और स्कूल-अस्पतालों के लिए नगर निगम में क्या-क्या करना है और चुनाव के बाद जब आगे चीजें बढ़ेंगी, तो किस तरह से इन चीजों को आगे लेकर जाना है, इस पर विस्तार से चर्चा हुई। मनीष सिसोदिया ने कहा कि बैठक में यह तय हुआ कि कल (10 नवंबर) अरविंद केजरीवाल जी एमसीडी के लिए केजरीवाल की गारंटी लांच करेंगे।

# एबी डिविलियर्स ने 24—टीम इंडिया सुपर लीग लॉन्च की





मुंबई, 9 नवंबर। शौकिया क्रिकेट को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को विश्व स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने का मौका देने के लिए, एबी डिविलियर्स समर्थित लास्ट मैन स्टैंड्स (एलएमएस) ने अगले साल की शुरुआत में होने वाली फ्रेंचाइजी–आधारित इंडिया सुपर लीग 2023 की लॉन्च की।

द लास्ट मैन स्टैंड्स (एलएमएस) इंडिया सुपर लीग 2023 का पहला सीजन, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी शौकिया टी20 क्रिकेट लीग होने का दावा किया गया है, 17 से 22 मार्च, 2023 के बीच नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के दिग्गज और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व स्टार एबी डिविलियर्स एलएमएस के वैश्विक एम्बेसडर हैं।

शौकीनों के लिए फ्रेंचाइजी–शैली का क्रिकेट टूर्नामेंट जो सालाना आयोजित किया जाएगा, टियर 2, 3 और 4 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे भारत के उभरते हुए क्रिकेटरों को बड़े भारतीय खिलाड़ियों के साथ–साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। आयोजकों एलएमएस ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व वाली टीम को 11 खिलाड़ियों के साथ एक टीम बनाने की अनुमति होगी। विजेता टीम दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में लास्ट मैन स्टैंड्स वर्ल्ड चैंप्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। वर्ल्ड चैंप्स हर साल दुनिया में सर्वश्रेष्ठ एलएमएस टीम का खिताब जीतने के लिए बड़ी संख्या में वैश्विक टीमों का प्रतिस्पर्धा करते हैं। टूर्नामेंट के मैचों को कमेंट्री के साथ लाइव स्ट्रीम किया जाएगा और भारत, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, बांग्लादेश, पाकिस्तान, सिंगापुर, स्वीडन और यूएसए जैसे देशों से नए दर्शकों आकर्षित करने की उम्मीद है, जहां एलएमएस लीग में पहले से ही मौजूदगी है।

लास्ट मैन स्टैंड्स ने विशेष रूप से रोमांचक नए नियमों और वैश्विक रैंकिंग सिस्टम के साथ एक नया गेम प्रारूप तैयार किया है। इसके अनूठे टी20 प्रारूप में हर टीम आठ खिलाड़ियों के साथ 2 घंटे का खेल शामिल है, जिससे आने वाले खिलाड़ी भाग ले सकें और पेशेवर आधुनिक क्रिकेट खेलने का फायदा प्राप्त कर सकें। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व टेस्ट कप्तान डिविलियर्स ने कहा, यह एक अद्भुत पहल है। यह शौकिया खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर प्रदर्शन करने का अवसर देता है। इसलिए, मुझे लगता है, अगर मैं एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नहीं होता, तो यह मेरे लिए आने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक आदर्श मंच होता। इसे विश्व स्तर पर स्ट्रीम किया जाएगा। उन्हें उम्मीद थी कि भविष्य में एक दिन आईपीएल जैसी बड़ी लीगों में कुछ शौकिया खिलाड़ी देखने को मिलेंगे। डिविलियर्स ने कहा, इस टूर्नामेंट के माध्यम से हो सकता है कि उनमें से कुछ एक दिन आईपीएल में शामिल हों, कौन जानता है। कुछ कोच इन खिलाड़ियों में से कुछ में आ सकते हैं। यह रोमांचक है। मैं इसमें शामिल होना चाहता हूं, मैं भविष्य में आईपीएल में इनमें से कुछ नाम देखना चाहता हूं। दूसरी बात जो अच्छी है वह यह है कि छोटे शहर बड़े शहरों के साथ मिल जाते हैं, जिन कस्बों के बारे में मैंने कभी नहीं सुना वे इस टूर्नामेंट में शामिल होने वाले हैं। मैं इनमें से कुछ मैचों को लाइव देखना चाहता हूं और यह मेरे लिए बहुत रोमांचक है।



## लिवरपूल के गोलकीपर बेकर बोले, हमें टोटेनहम पर जीत से मिलेगा प्रोत्साहन



लंदन,गोलकीपर एलिसन बेकर चाहते हैं कि लिवरपूल विश्व कप से पहले टोटेनहम हॉटस्पर में अपनी प्रीमियर लीग जीत से प्रोत्साहन ले। सप्ताहांत में एनफील्ड में साउथेम्प्टन के साथ लीग मैच से पहले रेड्स ने काराबाओ कप एक्शन में डर्बी काउंटी की मेजबानी की।

जुर्गन क्लॉप की टीम रविवार को स्पर्स पर एक रोमांचक जीत से उत्साहित होकर उन फिक्चर्स में शामिल हुई, जिससे वह तीन पॉइंट के साथ पहला स्थान पर पहुंच गए। एलिसन ने कहा, अब, लिवरपूल को उस परिणाम का उपयोग करना चाहिए।लिवरपूल की आधिकारिक वेबसाइट ने एलिसन के हवाले से कहा, यह एक बड़ी जीत है, लेकिन हमें अगले मैच के लिए इसका इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा, हमें अपने आप को सबसे अच्छे तरीके से तैयार करना होगा। हमारे पास गलतियों या अच्छी चीजों के बारे में सोचने के लिए बहुत अधिक समय नहीं है जो हम कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, अब हम तुरंत अपने सामने वाले प्रतिद्वंद्वी में बदल जाते हैं और जीत के लिए तीन पॉइंट के लिए लड़ते हैं। मैं जिस तरह से (उस) कठिन परिस्थितियों से निपट रहा हूं, उससे खुश हूं।उन्होंने कहा, हम लड़ रहे हैं, हम उन क्षणों में दिखा रहे हैं जिनकी जरूरत है और ये क्षण हमें वास्तव में, बाकी सीजन के लिए मजबूत बना सकते हैं।

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराकर रच दिया इतिहास, भारत का तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। एक समय टी–20 विश्व कप से बाहर होने की कगार पर खड़ी पाकिस्तानी टीम ने पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर तीसरी बार फाइनल मुकाबले में जगह बनाई। ग्रुप चरण में पहले भारत से और फिर जिंबाब्वे के हाथों अप्रत्याशित हार ने पाकिस्तानी प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था। माना जा रहा था कि अब पाकिस्तानी टीम सुपर–12 से आगे नहीं बढ़ पाएगी, लेकिन टीम को किस्मत का साथ मिला। रविवार को नीदरलैंड्स ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया। दक्षिण अफ्रीका की हार ने पाकिस्तानी टीम और उसके प्रशसंकों के चेहरे खिला दिए। अगले मुकाबले में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर अंतिम चार में जगह बनाकर असंभव को संभव बना दिया।




सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल में उसका सामना सुपर–12 के ग्रुप–1 में शीर्ष पर रहने वाले न्यूजीलैंड से था। इससे पहले, दोनों टीमें दो बार वनडे विश्व कप और एक बार टी–20 विश्व कप सेमीफाइनल में भिड़ चुकी थीं और तीनों ही मौकों पर न्यूजीलैंड को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सिडनी के मैदान पर बाबर आजम की टीम ने पहले गेंदबाजी और फिर बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड का पहली टी–20 विश्व कप ट्राफी उठाने का सपना एक बार फिर चकनाचूर कर दिया।

## भविष्य के बारे में ज्यादा न सोचें, प्रक्रिया पर ध्यान देंः रोहित

एडिलेड, पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले की पूर्व संध्या पर, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने जोर देकर कहा कि उनकी टीम के लिए यह महत्वपूर्ण है कि, भविष्य में क्या होगा, इसके बारे में ज्यादा न सोचें। प्रक्रिया के बारे में सोचें जिसने उन्हें नॉकआउट में जाने के लिए प्रेरित किया।

भारत ने सुपर–12 में ग्रुप 2 से टॉपर के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया और टीम गुरुवार को एडिलेड ओवल में पहली बार टी20 विश्व कप के नॉकआउट मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी।

रोहित ने प्री–मैच प्रेस कांफ्रेंस में बुधवार को कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम खुद से आगे न बढ़ें और हम यह भी समझते हैं कि हमें उस खेल को जीतने के लिए अच्छा क्रिकेट खेलना होगा,

# आस्ट्रेलिया, कजाखस्तान ने बिली जीन किंग कप में जीत के साथ आगाज किया

ग्लास्गो, आस्ट्रेलिया और कजाखस्तान ने महिला टेनिस के सबसे बड़े टूर्नामेंट बिली जीन किंग कप के पहले दिन अपने अपने मुकाबले जीते ।

आस्ट्रेलिया 48 साल में पहली बार खिताब जीतने के प्रयास में है । उसने ग्रुप बी में स्लोवाकिया को 2 . 1 से हराया । स्टोर्म सैंडर्स और एला टोमजानोविच ने अपने अपने एकल मुकाबले जीते ।

कजाखस्तान ने ग्रुप सी में इसी अंतर से ब्रिटेन को हराया । यूलिया पुतिनत्सेवा और विम्बलडन चैम्पियन एलेना राइबाकिना ने अपने अपने एकल मैच जीते । पहले फेड कप कहे जाने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया ने 1964 से 1974 के बीच सात खिताब जीते हैं ।

सैंडर्स ने विक्टोरिया कुजमोवा को 6 . 4, 6 . 3 से हराया जबकि



एला ने अन्ना कैरोलिना एस को 6 . 1, 6 . 2 से मात दी । कुजमोवा और टेरेजा मिहालिकोवा ने युगल में सैंडर्स और एलेन पेरेज को हराया ।दूसरे मैच में पुतिनत्सेवा ने कैटी बूल्टेर को 4 . 6, 6 . 3, 6 . 2 से शिकस्त दी जबकि राइबाकिना ने हैरियट डार्ट को 6 . 1, 6 . 4 से हराया । युगल में राइबाकिना और अन्ना डानिलिना को ओलिविया निशोल्स और एलिशिया बर्नेट ने 7 . 5, 6 . 3 से हराया ।टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें तीन तीन के चार समूहों में बांटा गया है । हर मुकाबले में दो एकल और एक युगल मैच होगा । ग्रुप विजेता सेमीफाइनल खेलेंगे ।

## फिल्मी गपशप

# अरबाज खान ने बताया क्यों शुरू नहीं हो पा रहा फिल्म दबंग 4 पर काम



सलमान खान की हिट फ्रैंचाइजी दबंग की अगली फिल्म दबंग 4 का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। इससे पहले सलमान खुद दबंग 4 बनाने की ओर इशारा कर चुके हैं। अब फिल्म अभिनेता–प्रोड्यूसर अरबाज खान ने फिल्म के निर्माण पर जानकारी साझा की है। अरबाज ने कहा है कि दबंग 4 एक ऐसी फिल्म है जिसे वे पूरे दिल से और मेहनत से बनाना चाहते हैं। अरबाज ने कहा कि दबंग 4 पर काम होगा। फिलहाल वह और सलमान दोनों ही अपने पुराने कामों में व्यस्त हैं। बकौल अरबाज दबंग 3 और दबंग 4 के बीच उतना समय नहीं लगेगा, जितना दबंग 2 और दबंग 3 के बीच लगा था। इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए अरबाज और सलमान दोनों को साथ में समय निकालने की जरूरत है। ऐसे में दोनों अपने अन्य काम पूरे करके इसपर काम शुरू करेंगे।अरबाज के अनुसार यह एक ऐसी फिल्म है जिसे वह रचनात्मक स्तर पर सलमान के पास ले गए थे। इसके बाद उन्होंने इसका निर्माण और निर्देशन किया। वहीं फिल्म में सलमान के किरदार चुलबुल पांडे को दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इस किरदार ने सलमान को बॉलीवुड में नया नाम दिया। ऐसे में यह फिल्म दोनों के दिल के बेहद करीब है और कोई एक इसको लेकर फैसला नहीं ले सकता।दबंग बॉलीवुड की सबसे चर्चित फिल्म फ्रैंचाइजी में से एक है। यह फिल्म 2010 में आई थी। फिल्म में सलमान एक दबंग पुलिसवाले चुलबुल पांडे के किरदार में हैं। वहीं फिल्म में सोनू सूद ने छेदी सिंह की भूमिका में सुर्खियां बटोरी थी। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दबंग से ही बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म का सीक्वल 2012 में आया था और दबंग 3 2019 में रिलीज हुई थी।जहां दबंग और दबंग 2 का निर्देशन खुद अरबाज ने किया था वहीं दबंग 3 में निर्देशन की कमान प्रभुदेवा ने संभाली थी। चर्चा है कि दबंग 4 का निर्देशन अरबाज तिग्मांशु धूलिया को देना चाहते हैं।सलमान इन दिनों बिग बॉस 16 होस्ट कर रहे हैं। उनकी दो फिल्में किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 चर्चा में है। किसी का भाई किसी की जान लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म से शहनाज गिल बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर आएगी। टाइगर 3 में एक बार फिर सलमान और कैटरीना कैफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म अगले साल दिवाली पर आएगी।

# मां, दो बेटों के बीच के बंधन के बारे में है फिल्म पैरोल

द्वारख राजा की आगामी एक्शन क्राइम ड्रामा पैरोल, जिसमें आर.एस. मुख्य भूमिका में कार्तिक, एक मां और उसके दो बेटों के बीच भावनात्मक बंधन के इर्द–गिर्द घूमती है।

फिल्म की यूनिट के तहत बुलाए गए एक पूर्व–रिलीज कार्यक्रम में बोलते हुए, अभिनेता आर.एस. कार्तिक, जो फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, ने इस विवरण का खुलासा किया।



उन्होंने कहा, यह फिल्म एक मां और उसके दो बेटों के बीच भावनात्मक बंधन की गहराई के बारे में है। उत्तरी चेन्नई के बैकड्राप के खिलाफ सेट कहानियां हमेशा तीव्र होती हैं। यह फिल्म भी कोई अपवाद नहीं होगी। इस फिल्म की अवधारणा सभी को पसंद आ रही है। फिल्म 11 नवंबर को रिलीज हो रही है।आर एस कार्तिक के अलावा, फिल्म में लिंगा, कल्पिका, मोनिशा मुरली, विनोदिनी वैद्यनाथन और जानकी सुरेश भी शामिल हैं।

इस अवसर पर राजनेता–अभिनेता नंजिल संपत ने भी बात की। उन्होंने कहा, निर्देशक द्वारख राजा ने एक अनूठी कहानी को पहचाना और चुना है और इसे एक मनोरंजक पटकथा के साथ जोड़ा है। असाधारण और अद्वितीय विचारों वाले व्यक्ति हमेशा जीवन में सफल होते हैं।

# ऐश्वर्या की लाल सलाम में स्पेशल अपीयरेंस देंगे रजनीकांत



तमिल सुपरस्टार रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म लाल सलाम में खास भूमिका निभाएंगे। इसकी घोषणा निमार्ताओं ने की। फिल्म को प्रोड्यूस जाने–माने प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है और इसमें एक्टर विष्णु विशाल और विक्रांत लीड रोल में होंगे। ट्विटर पर लाइका प्रोडक्शंस ने यह घोषणा करते हुए कहा, लाल सलाम सभी के लिए! हमें अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही हैं, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत एक स्पेशल अपीयरेंस में हैं! ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित और विष्णु अभिनीत विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं।संगीत ए.आर. रहमान का है। रजनीकांत ने लाइका प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों की डील की थी। लाल सलाम उन दो फिल्मों में से एक है जिसके लिए सुपरस्टार ने साइन किया है। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें दंगों से प्रभावित जगह की तरह दिखने वाले क्रिकेट हेलमेट को जलते हुए दिखाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुने गए दोनों अभिनेताओं विक्रांत और विष्णु विशाल को अच्छे क्रिकेटरों के रूप में जाना जाता है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या फिल्म की कहानी दंगों से प्रभावित क्रिकेटरों के इर्द–गिर्द घूमेगी।

# हिन्दी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई कांतारा, अब उम्मीद 100 करोड़ की!

दक्षिण भारतीय फिल्मों की सफलता ने भारतीय सिनेमा को एकसूत्र में पिरो दिया है। अब भारत में सिनेमा को क्षेत्र के लिहाज से बॉलीवुड, कॉलीवुड, टॉलीवुड कहने का चलन खत्म होता नजर आ रहा है। मीडिया भी इस मामले में आगे आ रहा है अब वो सिनेमा को भारतीय सिनेमा के नाम से संबोधित कर रहा है, जहाँ अलग–अलग भाषाओं में फिल्मों का निर्माण हो रहा है। दर्शकों को सभी भाषाओं की फिल्मों ने अपनी ओर आकर्षित किया है। पिछली 30 सितम्बर को प्रदर्शित हुई कन्नड़ भाषा की फिल्म ने अपनी ब्लॉकबस्टर सफलता से यह सिद्ध कर दिया है कि फिल्म कोई सी भी भाषा में बनी यदि वह दर्शकों को भा गई तो फिर सफलता मिलना मुश्किल नहीं है।

ऐसे में कन्नड़ सिनेमा की फिल्म कांतारा एक बड़ा उदाहरण पेश कर रही है। बिना किसी प्रमोशन और बिना चर्चित नामों के साथ हिंदी



सिनेमाघरों पर पहुंची कन्नड़ सिनेमा की फिल्म कांतारा दिन प्रतिदिन बेहतरीन कमाई कर रही है। ऋषभ शेट्टी की फिल्म को हिन्दी में प्रदर्शित हुए 3 सप्ताह पूरे हो चुके हैं और इसने इस शुक्रवार 4 नवम्बर को 4थे सप्ताह में प्रवेश किया है। फिल्म की सफलता को देखते हुए पिछले सप्ताह इसके शोज व स्क्रीन्स में जबरदस्त बढ़ोतरी की गई थी। फिल्म की कमाई में चौथे शनिवार को बड़ा उछाल देखा गया और करीब 2–3 करोड़ की रेंज में कारोबार कर रही ये फिल्म चौथे शनिवार 4.15 करोड़ रुपये कमा ले गई है। बताया जा रहा है कि रविवार को इस फिल्म ने हिन्दी बॉक्स ऑफिस पर लगभग 5 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। जिससे फिल्म ने अब तक हिंदी सिनेमाघरों से कुल 63 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है। इसके बाद उम्मीद है कि फिल्म आसानी से हिंदी थियेटर्स से करीब 75 करोड़ की रकम हासिल कर सकेगी। तरण आदर्श का कहना है कि जिस गति से यह फिल्म कारोबार कर रही है उसे देखते हुए कोई आश्चर्य नहीं होगा कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ के आंकड़े को छूने में सफल हो जाए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com